www.navpradesh.com

दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 17 अगस्त 2026 शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 188 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

देश की आजादी का जश्न : महिला आरक्षण पर राजनीतिक दलों से समर्थन का आग्रह, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर दिया जोर

'दिमागी नक्सल' से सावधान रहना होगा : मोदी

नई दिल्ली/ए.। स्वतंत्रता दिवस पर ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से अपने 13वें संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने देश से नक्सलवाद के खात्मे का उल्लेख किया और कहा कि चुनौती को कभी भी कमतर नहीं आंकना चाहिए और सतर्क रहना होगा क्योंकि 'हथियारी नक्सल' भले ही खत्म हो गए हों, लेकिन 'दिमागी नक्सली' अब भी मौके की तलाश में हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सभी राजनीतिक दलों से लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू कराने के लिए समर्थन देने का आग्रह किया और कहा कि अब यह मुद्दा 'राजनीतिक अखाड़े का शिकार' नहीं बने रहना चाहिए। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की दिशा में युवाओं से समाज और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका संभालने का आह्वान भी किया।

प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद को खत्म करने में अपनी सरकार की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि नक्सलवाद और माओवाद ने लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया, अनेक माताओं से उनके बेटे छीन लिए और परिवारों के सपनों को चूर-चूर कर दिया। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष ■ शेष पृष्ठ 8 पर



पीएम मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प दोहराया

प्रधानमंत्री देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने नई रफ्तार पकड़ी है और अब 140 करोड़ देशवासियों के संकल्प और सामर्थ्य को रोकना नामुमकिन है। भारत को अब छोटे सपनों के साथ आगे बढ़ने के बजाय बड़े सपने देखने और ऊंचे संकल्प लेने होंगे। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के करोड़ों नागरिकों ने, चाहे वे दलित, पीड़ित, वंचित, आदिवासी, गांव या शहर में रहने वाले, गरीब या मध्यम वर्ग के हों और देश के किसी भी हिस्से से आते हों, एक संकल्प और समर्पण के साथ देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए योगदान दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि इतनी कम समय में 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं।''

'दिमागी नक्सल' को पहचानना और उन्हें अलग-थलग करना होगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि जंगलों में 'हथियारी नक्सल' के खिलाफ सफलता मिली है, लेकिन अब 'दिमागी नक्सल' मौके की तलाश में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे तत्व हिंसा और अराजकता के रास्ते खोज रहे हैं तथा समाज को गलत दिशा में ले जाने के लिए तरह-तरह के दांव चल रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 'दिमागी नक्सल' को पहचानना और उन्हें अलग-थलग करना होगा तथा युवाओं को विकसित भारत के निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना होगा।

100 करोड़ देशवासियों को सामाजिक सुरक्षा कवर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी पूरा होगा, जब विकास समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुँचेगा। सामाजिक सुरक्षा कवरेज के विस्तार पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा, '2014 से पहले, केवल 25 करोड़ लोगों के पास सामाजिक सुरक्षा कवर था।' 'पिछले 5-7 दशकों में केवल 25 करोड़ लोग इसके दायरे में थे, हमने एक दशक के भीतर 100 करोड़ देशवासियों को सामाजिक सुरक्षा कवर प्रदान किया है। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना का भी ज़िक्र किया।

1 लाख करोड़ के नवाचार कोष, स्किल इंडिया पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया पहल से 2.5 लाख से ज़्यादा पंजीकृत स्टार्टअप्स को बढ़ने में मदद मिली है, जिससे युवा उद्यमी न सिर्फ अपने लिए अवसर बना रहे हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी रोज़गार पैदा कर रहे हैं। उन्होंने रोज़गार, कौशल और उद्यमिता के नए मौके बनाने में 1 लाख करोड़ के नवाचार कोष, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्पेस और एविएशन क्षेत्र को खोलने और राष्ट्रीय ड्रोन नीति की भूमिका पर भी ज़ोर दिया।

महिला आरक्षण लागू करके महिला सम्मान में आप भी जुड़िए

प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण के विषय पर कहा, 'मैं सभी राजनीतिक दलों से लाल किले की प्राचीर से और तिरंगे झंडे की छाया में आग्रह करता हूं कि महिला आरक्षण लागू करके महिला सम्मान में आप भी जुड़िए, आप भी श्रेय लीजिए, लेकिन माताओं-बहनों को उनका हक दिलाइए।

नक्सलवाद से मुक्त छत्तीसगढ़ अब शांति विकास और समृद्धि की नई यात्रा परः साय

■ विकसित भारत के संकल्प में विकसित छत्तीसगढ़ की होगी महत्वपूर्ण भूमिकाः सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस माँ भारती की वंदना, हमारे गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेने और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को और मजबूत करने का पावन अवसर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. भीमराव अंबेडकर और वीर सावरकर सहित स्वतंत्रता संग्राम के असंख्य सेनानियों के त्याग और बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की धरती पर स्वतंत्रता और स्वाभिमान की अलख जगाने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, वीर गुंडाधुर, गेंद सिंह, धुरवा राव, यादव राव, वेंकट राव, डेबरी धुर और आयतु माहरा सहित जननायकों को भी श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बस्तर में शांति के साथ विकास का नया सूर्योदय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साहसिक नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प से नक्सलवाद के विरुद्ध ऐतिहासिक सफलता मिली है। माओवाद से मुक्त बस्तर में आज तिरंगा यात्राओं के माध्यम से स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा है। जो क्षेत्र कभी हिंसा और भय से प्रभावित थे, वहां आज शांति, विश्वास और विकास की नई सुबह हुई है। उन्होंने कहा कि बस्तर की सर्वांगीण प्रगति डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। जगदलपुर में राष्ट्रीय स्तर की मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक का आयोजन बदलते बस्तर की नई पहचान का प्रतीक है। अब बस्तर के नवनिर्माण का स्वर्णिम समय है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'नियद नेल्ला नार 2.0' और 'बस्तर मुन्ने अभियान' के माध्यम से 31 योजनाओं और 14 सामुदायिक सुविधाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित करते हुए बस्तर संभाग के 39 लाख से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। नक्सल हिंसा के कारण बंद पड़े स्कूलों को पुनः प्रारंभ करने के साथ 36 नए स्कूल स्वीकृत किए गए हैं। ओरछा और जगरगुंडा जैसे सुदूर क्षेत्रों में एजुकेशन सिटी विकसित की जा रही है।

अन्नदाता की समृद्धि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अन्नदाता हमारे भाग्य विधाता हैं और उनका सुख, सम्मान तथा समृद्धि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों से 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदा जा रहा है। 'कृषक उन्नति योजना' की राशि का एकमुश्त भुगतान होली से पहले किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार फसल विविधीकरण को भी बढ़ावा दे रही है। धान के बदले दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी और रागी जैसी फसल लेने पर 'कृषक उन्नति योजना' के अंतर्गत 15 हजार रुपए की आदान सहायता देने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना के अनुरूप प्रदेश के 2,028 पैक्स का कंप्यूटरीकरण पूरा किया गया है और इनमें से 1,988 पैक्स कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में भी सेवाएं दे रहे हैं।

आज बेबाक

जरूरी नहीं है कि आदमी साठ साल का होने पर ही सठियाए। कुछ अहमक पचास पार करते ही सठिया जाते हैं। बदतमीज़ी और बदज़ुबानी की सारी सीमाएं लांघ जाते हैं। मजे की बात यह कि उनकी गंदी बातों और अश्लील हरकतों पर उनके चमचे ठहाके लगाते हैं। थर्ड जेंडर की तरह ताली बजाते हैं। समझ नहीं आता कि सत्ता के लिए जल बिन मछली की तरह तड़पते दिमाग से पैदल लोग सत्ता सुंदरी का सानिध्य पाने कैसे इतना नीचे गिर जाते हैं? इन सड़क छाप छपरियों को देखकर बड़े से बड़े बेशर्म भी चुल्लू भर पानी में डूब जाते हैं।

गरमा-गरम

पांच बार के विधायक व डिप्टी स्पीकर रहे नेता ने लगाई फांसी

■ टीएमसी दफ्तर में फंदे पर लटका मिला शव सुसाइड नोट में लिखा-पार्टी के गलत कामों को रोक नहीं सका

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पांच बार विधायक रहे आशीष बनर्जी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह बीरभूम जिले के टीएमसी ऑफिस में उनका शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

आशीष बनर्जी रामपुरहाट के वार्ड नंबर-5 के हत्तलापारा इलाके में रहते थे। उनके घर के पास ही तृणमूल कांग्रेस का पार्टी ऑफिस था। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें उन्होंने लिखा कि मैं पार्टी के सभी गलत कामों को हमेशा स्वीकार नहीं कर पाता था, लेकिन मैं विरोध भी नहीं कर सका। मैंने अपनी पूरी जिंदगी में काम के बदले एक पैसा भी नहीं लिया है। आशीष बनर्जी टीएमसी के पूर्व विधायक भी थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सुसाइड नोट में रेत टेंडर का जिक्र

आशीष का जो सुसाइड नोट सामने आया है उसमें उन्होंने किसी रेत के टेंडर का जिक्र किया है। आशीष ने लिखा कि उन्होंने कभी भ्रष्टाचार नहीं किया और किसी काम के बदले पैसे नहीं लिए। टीआरडीए (तारापीठ-रामपुरहाट डेवलपमेंट अथॉरिटी) के टेंडर, प्लान पास करने, एनओसी और चेक से जुड़े मामलों में उनकी कोई भूमिका नहीं है। आशीष ने लिखा कि उनकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है और उन्होंने राजनीति में आने पर अफसोस जताया।

स्कूल में बाढ़ का पानी घुसने से 400 छात्र फंसे

केंद्रपाड़ा/ए.। ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में रविवार को एक सरकारी आवासीय स्कूल में बाढ़ का पानी घुस गया। इससे 150 लड़कियों समेत करीब 400 छात्र परिसर में फंस गए है। एक अधिकारी ने बताया कि यह स्कूल पट्टामुंडई ब्लॉक में पेंथपाला ग्राम पंचायत के तहत कुलसाही गांव के निचले इलाके में है।

रूस पर यूक्रेन का सबसे बड़ा ड्रोन हमला, 6 की मौत

■ मॉस्को के पास गोदाम में आग लगी, रूस ने 1400 ड्रोन मार गिराए

नई दिल्ली/ए.। यूक्रेन ने रविवार को रूस पर युद्ध शुरू होने के बाद अब तक का सबसे बड़े ड्रोन हमला किया है। इसमें कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई। इन ड्रोन हमलों में मॉस्को के पास रूसी ई-कॉमर्स कंपनी वाइल्डबेरिज के डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर में आग लग गई। यह गोदाम करीब 2 लाख वर्ग मीटर में फैला है। सामने आई तस्वीरों में इमारत का बड़ा हिस्सा आग की चपेट में दिखाई दिया। आसमान में दूर तक काला धुआं उठता नजर आया।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने पिछले 24 घंटे में 9 यूक्रेनी क्रूज मिसाइल और कुल 1,478 ड्रोन मार गिराए हैं। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि करीब 600 ड्रोन राजधानी की ओर दागे गए थे। उन्होंने इसे पिछले दो साल में मॉस्को पर हुआ सबसे बड़ा हवाई हमला बताया।

वाराणसी एयरपोर्ट पर गोली चली, 2 कर्मचारी घायल, पूर्व पार्षद गिरफ्तार

वाराणसी/ए.। वाराणसी एयरपोर्ट पर रविवार सुबह हथियार की जांच के दौरान एक यात्री से गोली चल गई। इससे महिला समेत दो कर्मचारी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए न्यू लक्ष्मी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। घटना सुबह करीब 9:30 बजे हुई। यात्री कमलेश राय पत्नी के साथ एअर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स-1810 फ्लाइट से मुंबई जा रहे थे। उन्होंने विमान में ले जाने वाले हथियार को पहले ही डिक्लेयर किया था। हथियार की जांच के दौरान उससे एक राउंड फायर हो गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की सूचना पर पहुंची पुलिस को कमलेश के पास से पिस्टल समेत 21 कारतूस मिले। करीब 5 घंटे तक पूछताछ के बाद फूलपुर पुलिस उन्हें थाने ले गई। आजमगढ़ के रहने वाले कमलेश शिवसेना नेता हैं। वह मुंबई में पूर्व पार्षद रह चुके हैं।

वंदे मातरम के अपमान को देश माफ नहीं करेगाः शाह

निंबाहेड़ा (चित्तौड़गढ़)/ए.। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राजस्थान के निंबाहेड़ा में कहा कि वोट बैंक के लालच में कांग्रेस ने वंदे मातरम को भुला दिया था। वंदे मातरम के 150वें साल पर पीएम मोदी ने लाल किले से वंदे मातरम को सम्मान वापस दिलाने का काम किया है।

अमित शाह ने कहा- कांग्रेस की निर्लज्जता देखिए... कांग्रेस पार्टी मुख्यालय पर वंदे मातरम का गान हो रहा था। बीच में ही कांग्रेस की नेत्री सोनिया जी ने कांग्रेस अध्यक्ष को गान रोकने को कहा। यह गान फिर से सम्मान प्राप्त कर रहा है, वो भी सोनिया जी को रास नहीं आता। गृह मंत्री ने कहा कि सोनिया जी 140 करोड़ की जनता आपको देख रही है। आपके द्वारा किया गया ये पाप इस देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेसियों में जरा भी शर्म बची है तो हाथ जोड़कर बंकिम बाबू की अमर आत्मा और जनता से माफी मांगनी चाहिए। राजस्थान दौरे पर आए अमित शाह ने निंबाहेड़ा में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विमल के विज्ञापन पर शाहरुख अजय और टाइगर को नोटिस

मुंबई/ए.। महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एफडीए का आरोप है कि 'विमल इलायची' के विज्ञापन के जरिए राज्य में प्रतिबंधित 'विमल पान मसाला' का इनडायरेक्ट प्रचार किया जा रहा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, एफडीए ने 11 अगस्त को तीनों को नोटिस भेजकर विज्ञापन में उनकी भूमिका पर 15 दिन में जवाब और स्पष्टीकरण मांगा है। शाहरुख खान को बांद्रा स्थित उनके घर 'मन्नत', अजय देवगन को जुहू स्थित आवास और टाइगर श्रॉफ को उनकी प्रोडक्शन कंपनी 'टाइगर श्रॉफ प्रोडक्शंस एलएलपी' के पते पर नोटिस भेजा गया है। एफडीए का कहना है कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रदर्शनकारियों की राहुल गांधी ने की तारीफ

■ नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया पर छात्रों से बातचीत का वीडियो शेयर किया

नई दिल्ली/ए.। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि सरकार की गलत नीतियों और हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने वाले युवाओं का साहस सराहनीय है। उन्होंने उन छात्राओं की भी प्रशंसा की जिन्होंने बदसलूकी, गाली-गलौज और हिंसा का सामना किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर छात्रों से अपनी बातचीत का वीडियो साझा किया। यह बातचीत 5 अगस्त को हुई थी, लेकिन वीडियो ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बंगाल में सीजेपी कार्यकर्ता के पिता की पिटाई से मौत

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) कार्यकर्ता शेख अब्दुल हफीज के पिता जनाब मफीक की 15 अगस्त को हमले में लगी गंभीर चोटों से मौत हो गई। सीजेपी के मुताबिक, मफीक 13 अगस्त को अपने गांव करिसुंडा के सरकारी स्कूल में सीजेपी के 'स्कूल ठीक करो' अभियान में शामिल हुए थे। उन्होंने स्कूल की बदहाली का वीडियो बनाया था। उसी शाम हथियारबंद लोगों ने उनके घर में घुसकर उन्हें पीटा। सीजेपी का कहना है कि हमलावरों ने उनसे माफी मांगते हुए वीडियो रिकॉर्ड करने को कहा। इनकार करने पर परिवार पर हमला किया गया। इसमें हफीज और उनके पिता के सिर में गंभीर चोट आई। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि अब्दुल और उनके परिवार को इंसाफ दिलाने तक चुप नहीं बैठेंगे।

घोषणा : प्रस्ताव तैयार कर रही राज्य सरकार, नक्सलियों के आखिरी गढ़ कर्रेगुट्टा में फहराया तिरंगा

झीरम के शहीदों का स्मारक बनेगा स्मरणीय : विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बस्तर जिले के झीरम घाटी पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीदों की स्मृति में पौधारोपण किया और उनके बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धा एवं संकल्प के नारों के साथ उन्हें याद किया।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि झीरम के शहीदों की याद में बने स्मारक को जल्द ही स्मरणीय स्वरूप में बनाया जाएगा, इसके लिए प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है।

झीरम की घटना छत्तीसगढ़ के लिए भयंकर विभीषिकाः उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि झीरम की घटना छत्तीसगढ़ के लिए एक भयंकर विभीषिका थी। इस घटना में हमने प्रदेश के वरिष्ठ और कुशल नेतृत्वकर्ताओं को खोया। राज्य के वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल, पूर्व मंत्री स्व. नंदकुमार पटेल एवं नेता प्रतिपक्ष रहे स्व. महेंद्र कर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, सुरक्षा जवानों और नागरिकों का बलिदान छत्तीसगढ़ कभी नहीं भूल सकता।

बस्तर अब खुली और आजाद हवा में सांस ले रहा

श्री शर्मा ने कहा कि आज बस्तर फिर से खुली और आजाद हवा में सांस ले रहा है। तीन दिन की इस बस्तर तिरंगा यात्रा में हमने बस्तर के 5 ज़िलों में 600 किमी तय कर सभी को तिरंगा यात्रा द्वारा शांति का संदेश दिया और स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नक्सलियों के आखिरी गढ़ रहे कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों पर तिरंगा फहराकर हमने पूरे देश को यह संदेश दिया है कि अब भारत का संविधान देश के हर कोने में लागू होगा। अब कोई बंदूक के बल पर इस धरती को मासूमों के रक्त से रक्तरंजित नहीं कर सकेगा। उन्होंने कहा कि झीरम के शहीदों का सपना ऐसा बस्तर था, जहां लोकतंत्र, शांति, विकास और विश्वास की जीत हो। आज बस्तर उसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

महासमुंद में पहली बार एक मंच पर दिखे 55 स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्र

- **लोहिया चौक पर लगी ऐतिहासिक प्रदर्शनी में उमड़ा जनसैलाब**
- **सेनानी पुरखों को किया नमन**

महासमुंद/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महासमुंद के लोहिया चौक में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के छायाचित्रों की अनूठी प्रदर्शनी लगाई गई। जिले में पहली बार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्र एक साथ एक मंच पर प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में 55 स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्र पूरे सम्मान और गरिमा के साथ लगाए गए। देशभक्ति गीतों की गूंज के बीच लोगों ने अपने सेनानी पुरखों की तस्वीरें देखीं, उनका परिचय जाना और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

आजादी के आंदोलन में महासमुंद की भी रही महत्वपूर्ण भूमिका

स्वतंत्रता आंदोलन में महासमुंद अंचल की भागीदारी इतिहास का गौरवपूर्ण अध्याय है। राष्ट्रीय चेतना के प्रसार और महात्मा गांधी के आह्वान पर नगर सहित पूरे अंचल के लोग स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुए। अनेक लोगों ने ब्रिटिश हुकूमत के दमन का सामना किया। पुलिस की प्रताड़ना और जेल की यातनाएं सहीं, लेकिन आजादी की ज्वाला उनके भीतर लगातार प्रज्वलित रही। शासकीय अभिलेखों में जिले के 100 से अधिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम दर्ज हैं।

राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी पहुंचकर सराहा आयोजन

प्रदर्शनी का अवलोकन करने वालों में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, बीज निगम अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दाऊलाल चंद्राकर, पारस चोपड़ा, रमेश साहू और आप नेता राकेश झाबक सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की।

सेनानी परिवारों तक भी उपलब्ध नहीं कई तस्वीरें

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन, जिला महासमुंद के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को सहेजना और नई पीढ़ी को उनके योगदान से परिचित कराना रहा। संगठन के अनुसार कई स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्र उनके परिवारों के पास भी उपलब्ध नहीं हैं। स्वतंत्रता सेनानी स्व. बौदा नामदेव के पौत्र शेषनारायण नामदेव के विशेष प्रयास और संयोजन से यह प्रदर्शनी आयोजित की गई।

सुबह से शाम तक उमड़ा लोगों का हुजूम

प्रदर्शनी का औपचारिक शुभारंभ मोती उद्यान में तिरंगे को सलामी के साथ हुआ। स्वतंत्रता सेनानी स्व. नारायण लाल चंद्राकर की धर्मपत्नी श्रीमती खेमिन बाई चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सुबह से शाम तक प्रदर्शनी स्थल पर सैकड़ों नागरिकों, स्कूली बच्चों, कॉलेज विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और प्रशासनिक अधिकारियों का तांता लगा रहा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रशासनिक अधिकारियों की पूरी टीम के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने सेनानियों के छायाचित्रों और उनके योगदान से संबंधित जानकारी देखी।

नई पीढ़ी को इतिहास से जोड़ने वाली पहल

यह प्रदर्शनी केवल छायाचित्रों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि महासमुंद अंचल के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और बलिदानों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास बनी। सेनानी पुरखों की तस्वीरों के सामने खड़े बच्चों और युवाओं में अपने क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों को जानने की उत्सुकता दिखाई दी। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित इस पहल ने नागरिकों को यह संदेश भी दिया कि आजादी की विरासत को याद रखना और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है।

पिथौरा में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, जगह-जगह हुआ ध्वजारोहण

पिथौरा/नवप्रदेश। देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस पिथौरा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया गया। नगर के विभिन्न शासकीय एवं सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस

मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का किया वाचन, 170 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

महासमुंद में शान से लहराया तिरंगा खाद्य मंत्री ने किया ध्वजारोहण

- **19 शहीद परिवारों का भी हुआ सम्मान**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ। इस दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार मौजूद रहे।

मंत्री बघेल ने कलेक्टर एवं एसपी के साथ परेड का निरीक्षण किया। प्रशिक्षु सुबेदार ईश्वर साहू के नेतृत्व में 20वीं वाहिनी सशस्त्र पुलिस बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना महिला प्लाटून, वन विभाग, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, गाइड और रेडक्रॉस सहित 10 टुकड़ियों ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। मंत्री ने मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया तथा गुब्बारे आकाश में छोड़े गए।

साइबर जागरूकता का भी दिया संदेश : स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुलिस विभाग ने 'जागरूकता की एक सेल्फी' थीम के तहत साइबर जागृति अभियान चलाया। सेल्फी जोन के माध्यम से नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया और लोगों ने अभियान में सहभागिता निभाई।

समारोह में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, सीईओ जिला पंचायत अनुपमा आनंद, वनमंडलाधिकारी श्रीनिवास टी.एन. सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

827 विद्यार्थियों ने किया योग प्रदर्शन

कार्यक्रम में 12 विद्यालयों के 827 विद्यार्थियों ने योग का शानदार प्रदर्शन किया। छह विद्यालयों के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी देशभक्ति गीतों तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से देशभक्ति और छत्तीसगढ़ की संस्कृति की छटा बिखेरी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रथम, महर्षि विद्या मंदिर मचेवा द्वितीय और शासकीय डीएमएस महासमुंद तृतीय रहा।

19 शहीद परिवारों और 170 अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान: समारोह में जिले के 19 शहीदों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 170 शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

परेड में इन टुकड़ियों ने बाजी मारी : वरिष्ठ सशस्त्र बल समूह में 20वीं वाहिनी सशस्त्र पुलिस बल प्रथम, जिला पुलिस बल द्वितीय और नगर सेना महिला प्लाटून तृतीय रहा। वरिष्ठ समूह में सीनियर डिवीजन एनसीसी प्रथम, एनएसएस महाविद्यालय द्वितीय और जूनियर डिवीजन एनसीसी तृतीय रहा।

स्वतंत्रता दिवस परेड में रेड क्रॉस टीम ने हासिल किया द्वितीय स्थान

महासमुद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय महासमुंद में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित भव्य परेड में रेड क्रॉस टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं जनभागीदारी समिति में हर्ष का माहौल है। रेड क्रॉस टीम ने अनुशासन, शानदार कदमताल, आकर्षक वेशभूषा और समर्पित प्रदर्शन से समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालय का नाम जिला स्तर पर गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर रेड क्रॉस प्रभारी श्रीमती नोबल ध्रुव, दल नायक यश साहू एवं उप दल नायिका समीना धुनिया सहित परेड में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान, रेड क्रॉस जिला संरक्षक अशोक गिरी गोस्वामी एवं समिति के सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं लगन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की उपलब्धियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करती हैं।





विद्यार्थियों ने देखी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और 'वंदे मातरम्' पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी

स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा से विकसित छत्तीसगढ़ की नई तस्वीर तक को एक मंच पर समेट रही प्रदर्शनी

रायपुर/नवप्रदेश। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी नागरिकों और विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के योगदान, अमर सेनानियों के शौर्य एवं बलिदान, राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150 वर्षों की गौरवशाली यात्रा तथा राज्य की सुशासन और विकास यात्रा को प्रदर्शनी में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

इसी क्रम में बी.पी. पुजारी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, राजातालाब रायपुर के विद्यार्थियों ने शिक्षिकाओं के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विद्यार्थी मानवी साहू, पलक साहू, योगिता विश्वकर्मा, आनंदित बोस और युगती सोनकर शिक्षिका अनवरी जावेद शेख एवं सुनील महर के साथ प्रदर्शनी देखने पहुंचे। विद्यार्थियों ने विभिन्न छायाचित्रों, ऐतिहासिक दस्तावेजों और प्रदर्शित सामग्री को उत्सुकता के साथ देखा तथा स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों की जानकारी प्राप्त की।

'वंदे मातरम्' की 150 वर्षों की गौरवशाली यात्रा: प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पर केंद्रित खंड है। इसमें 'वंदे मातरम्' की रचना से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रजागरण के प्रेरणादायी स्वर के रूप में इसकी भूमिका को ऐतिहासिक संदर्भों और छायाचित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।प्रदर्शनी के माध्यम से नई पीढ़ी को यह समझने का अवसर मिल रहा है कि स्वतंत्रता केवल संघर्ष और बलिदान का परिणाम नहीं, बल्कि देशवासियों की एकजुटता, राष्ट्रप्रेम और दृढ़ संकल्प की भी गौरवगाथा है।

छत्तीसगढ़ के वीर सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की गाथा: प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, जननायकों और अमर बलिदानियों के योगदान से जुड़े दुर्लभ छायाचित्र, दस्तावेज और ऐतिहासिक प्रसंग प्रदर्शित किए गए हैं। महात्मा गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास तथा प्रदेश में हुए सामाजिक और राष्ट्रीय आंदोलनों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंग भी प्रदर्शनी का हिस्सा हैं। विभागीय अधिकारियों ने विद्यार्थियों को छायाचित्रों और ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण से अवगत कराया।

योजनाओं से बदली जिंदगी की तस्वीर: प्रदर्शनी में राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं और आम नागरिकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। महिलाओं, किसानों, युवाओं, श्रमिकों और जरूरतमंद परिवारों के लिए संचालित योजनाओं के माध्यम से विकास और सशक्तिकरण की तस्वीर प्रस्तुत की गई है। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी पहलों की जानकारी भी प्रदर्शनी में दी गई है। विद्यार्थियों ने इन योजनाओं के बारे में भी विशेष रुचि दिखाई।

सुशासन और आधुनिक अधोसंरचना से विकसित छत्तीसगढ़ की झलक: प्रदर्शनी में डिजिटल पंजीयन, सुशासन तिहार, हरित छत्तीसगढ़, शिक्षा एवं अधोसंरचना विस्तार सहित राज्य की विकास यात्रा को भी छायाचित्रों और सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। बेहतर सड़क एवं रेल संपर्क, औद्योगिक अधोसंरचना, निवेश और रोजगार के नए अवसरों की झलक भी यहां देखने को मिल रही है।

एआई तकनीक से विरासत और पर्यटन का अभिनव अनुभव: प्रदर्शनी में आधुनिक तकनीक और छत्तीसगढ़ की विरासत का अनूठा संगम भी देखने को मिल रहा है। एआई आधारित विशेष पहल के माध्यम से आगंतुक प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों की पृष्ठभूमि के साथ अपनी डिजिटल तस्वीर तैयार करा सकते हैं। बच्चों और युवाओं में इस पहल को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इसके अलावा राज्य की विकास यात्रा, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया जा रहा है।

21 अगस्त तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी प्रदर्शनी: कचहरी चौक स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल में आयोजित यह सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी 15 से 21 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से रात 8 बजे तक आम नागरिकों के अवलोकन के लिए खुली रहेगी। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी और छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास एवं वर्तमान विकास से परिचित कराने वाला अनुभव बताया।

नया कानून: नए प्रावधान के अनुसार राज्य सरकार को खनिजों पर सेस लगाने का अधिकार नहीं होगा

खनिज पर सेस बंद होने से छत्तीसगढ़ को 300 करोड़ से ज्यादा के राजस्व नुकसान की आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। संसद में पारित एमएमडीआर संशोधन विधेयक से छत्तीसगढ़ को बड़ा राजस्व नुकसान होने की संभावना है। नए प्रावधान के तहत राज्य सरकार खनिजों पर सेस नहीं लगा सकेगी। इससे राज्य को सालाना करीब 300 करोड़ रुपये के राजस्व से हाथ धोना पड़ सकता है। खनिज विभाग के एक आला अफसर ने 'छत्तीसगढ़' से चर्चा में बताया कि राज्य सरकार कोयला और अन्य खनिजों पर पर्यावरण एवं वन विभाग के माध्यम से दो तरह का सेस वसूलती है। दोनों सेस से करीब 300 करोड़ रुपये का राजस्व मिलता है। संशोधन के बाद राज्य का यह अधिकार खत्म हो जाएगा।

बताया गया कि छत्तीसगढ़ की तुलना में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड सहित कुछ अन्य खनिज उत्पादक राज्यों को सेस से अधिक राजस्व जुटाती है। खनिज उत्पादक राज्यों को नुकसान होगा। झारखंड सरकार ने नए कानून का खुला विरोध किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पंचायत स्तर पर विरोध की बात कही है। वहीं, छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए राज्य सरकार से इस संबंध में श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है।

गरीब राज्यों का हक छीनकर कॉरपोरेट घरानों की थाली सजाई जा रही: महंत

रायपुर/नवप्रदेश। संसद में पारित खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम (एमएमडीआर एक्ट) को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संशोधन केवल कानून में बदलाव नहीं, बल्कि खनिज संपदा वाले राज्यों के संवैधानिक और आर्थिक अधिकारों पर हमला है। डॉ. महंत ने कहा कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता गरीब और खनिज संपन्न राज्यों के हितों की बजाय बड़े कॉरपोरेट घरानों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले के बाद छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के लिए वर्ष 2005 से लंबित खनिज राजस्व की वसूली का रास्ता खुला था, लेकिन अब संशोधन के जरिए उस फैसले के प्रभाव को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस संशोधन के संभावित वित्तीय प्रभाव पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद छत्तीसगढ़ को कितनी राशि मिलने की उम्मीद थी और संशोधन के बाद उस पर कितना असर पड़ेगा। डॉ. महंत ने कहा कि अगर ओडिशा में संभावित तौर पर एक लाख करोड़ रुपये तक के नुकसान की चर्चा हो रही है, तो छत्तीसगढ़ सरकार को भी जनता को बताना चाहिए कि राज्य को कितने हजार करोड़ रुपये का संभावित नुकसान हो सकता है।

मोदी सरकार का मिनरल संशोधन अधिनियम राज्य के हितों के खिलाफ: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में बिना चर्चा के जबरिया पारित ''मिनरल संशोधन अध्यादेश 2026'' को छत्तीसगढ़ के आर्थिक हितों के खिलाफ लिया गया फैसला है। मोदी सरकार ने अपने पूंजीपति मित्रों के मुनाफ़े के लिए बिना किसी चर्चा के एक और कानून संसद में पारित करवा लिया है, जो राज्यों द्वारा खनिज अधिकारों पर कर या उपकर लगाने पर रोक लगाता है, और केंद्र सरकार को खनिज-युक्त भूमि पर पूरे नियंत्रण का अधिकार देता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अब तक एमएमडीआर एक्ट 1957 प्रमुख खनिजों (केंद्र द्वारा नियंत्रित) और गौर खनिजों (राज्य सरकारों द्वारा नियंत्रित) के बीच अंतर स्पष्ट करता रहा था। ताज़ा संशोधन का उद्देश्य राज्यों के कर पर रोक लगाना है। छत्तीसगढ़ जैसे खनिज संसाधनों वाले राज्य सरकारें अब केंद्र की तय सीमाओं के बिना खनिज अधिकारों या खनिज वाली भूमि पर अतिरिक्त कर या लेवी नहीं लगा सकेंगी। मोदी सरकार का कुतर्क है कि ''खनन उद्योग पर आर्थिक बोझ कम करने और पूरे देश में करों में एकरूपता लाने के लिए यह बदलाव किया गया है।'' यह सीधे तौर पर राज्यों के अधिकारों का अतिक्रमण है, संघीय ढांचे के खिलाफ है, राज्यों के अधिकारों को सीमित करने वाला है। श्री बैज ने कहा कि भाजपा सरकार पहले भी पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में पेसा कानून के तहत प्राप्त अधिकारों को छीनने का काम कर ही रही है।

दुष्कर्म में नाकाम हुआ तो कर दी हत्या, फिर शव को झाड़ियों में छिपाया, सनकी युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के मुजगहन क्षेत्र में घरों में काम करने वाली महिला की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। साथ ही एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दुष्कर्म करने की नीयत से काम जा रही महिला का रास्ता रोका था। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। महिला ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसे मार डाला। घटना को लेकर जल्द ही पश्चिम जोन पुलिस इसका खुलासा करेगी।

जानकारी के मुताबिक, 21 जुलाई मुजगहन थाना क्षेत्र के डुंडा, स्वागत विहार कॉलोनी के खुले प्लॉट में महिला की लाश मिली थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर रायपुर पश्चिम जोन डीसीपी रॉबिंसन गुड़िया और थाना प्रभारी पहुंचे थे।

घरों में करती थी काम

पुलिस जांच में मृतिका की पहचान सुभद्रा साहू 35 वर्ष के रूप में की गई है। मृतिका बोरिया कला की रहने वाली थी और घरों में काम करती थी। आज भी काम के लिए निकली थी। इसी बीच उसकी लाश डुंडा इलाके के स्वागत विहार कॉलोनी के खुले प्लॉट में मिली। तत्काल इसकी सूचना मुजगहन पुलिस को दी गई।

झाड़ियों में मिला शव

पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस आशंका जता रही हैं कि महिला की हत्या के बाद आरोपी ने शव छिपाने के उद्देश्य से डुंडा इलाके के सुनसान जगह पर रखा दिया था।

चिमनानी के नेतृत्व में निकली कावड़ यात्रा

जगह-जगह हुआ स्वागत, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने 7 नदियों के जल से किया महाकाल का अभिषेक

रायपुर/नवप्रदेश। श्रावण मास के पावन अवसर पर राजधानी के मोतीबाग चौक स्थित बाबा श्री वैद्यनाथ धाम तक 16 अगस्त, रविवार को भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। आयोजक एवं यात्रा के नेतृत्वकर्ता सीए अमित चिमनानी ने बताया कि यात्रा न्यू राजेन्द्र नगर स्थित उनके निवास से निकाली गई एवं बच्चे,महिलाएं, बुजुर्ग सभी ने कांवड़ यात्रा में भाग लेकर यात्रा को महत्वपूर्ण बनाया। यात्रा में भगवान शिव एवं नंदी की झांकियां एवं भव्य शिवलिंग भी आकर्षण का केंद्र रहा।यात्रा के स्वागत में जगह जगह पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी की गई।

सीए श्री चिमनानी ने बताया कि श्रद्धालओं ने 7 नदियों माँ गंगा (हर की पौड़ी), माँ नर्मदा (ग्वारीघाट, जबलपुर), माँ अरपा (बिलासपुर घाट), माँ खारुन (महादेव घाट), राजिम त्रिवेणी संगम (राजिम), माँ महानदी, माँ पैरी और माँ सोंढूर का पवित्र जल लेकर यात्रा की एवं उसके बाद इस पवित्र जल से शिव अभिषेक किया। यात्रा की शुरुआत कावड़ पूजन से की गई ,तत्पश्चात महाकाल की आरती के साथ यात्रा की शुरूआत हुई। यात्रा समाप्ति के बाद विधिवत जल अभिषेक कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली की प्रार्थना की गई।

यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, संत राजीव लोचन महाराज, विधायक पुरन्दर मिश्रा ,भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव,केदार गुप्ता, अमरजीत छाबड़ा ,नेहरू निषाद,छगन मूंदड़ा ,किरण बघेल उज्ज्वल दीपक, राजीव चक्रवर्ती ,सुनील चौधरी ,विश्वदिनी पाण्डेय, निशिकांत पांडे ,अनामिका सिंह, सहित छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, चैंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन,कैट के प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, समाजसेवी मुखी मन्नूमल पृथवानी, भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष लधाराम नैनवानी, वरिष्ठ समाजसेवी रमेश मिर्घानी, बलराम आहूजा, सुशील केसवानी, झामनदास बजाज, श्याम चावला, महेश प्रितवानी, मुरलीधर शादीजा, अजय जयसिंघानी, विकास रूपरेला, राजकुमार गुनवानी,अमर चंदनानी, इंदर तलरेजा, मोहन होतवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

प्रदेश के कॉलेजों में प्रवेश अब 31 तक

रायपुर/नवप्रदेश। मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार का मूल ध्येय प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा का प्रकाश पहुँचाना है। दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों के कई मेधावी युवा विभिन्न व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण समय पर प्रवेश नहीं ले सके थे। हम नहीं चाहते कि तिथियों के फेर में किसी भी योग्य विद्यार्थी का एक साल खराब हो या वह उच्च शिक्षा से वंचित रह जाए। छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रवेश की तारीख 31 अगस्त तक बढ़ाई गई है। मैं सभी विद्यार्थियों से अपील करता हूँ कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। राज्य के जिन शासकीय और निजी महाविद्यालयों में अभी भी सीटें रिक्त हैं, वहाँ छात्र अब 31 अगस्त 2026 तक दाखिला ले सकेंगे।

अटलजी के संकल्प और दूरदर्शी नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ को दी नई पहचान: सीएम साय

मुख्यमंत्री ने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अटल जी के विराट व्यक्तित्व, राष्ट्रसेवा और छत्तीसगढ़ निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान का स्मरण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अटलजी छत्तीसगढ़ के निर्माता और प्रदेशवासियों की भावनाओं को सम्मान देने वाले महान राष्ट्रनायक थे। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण उनके दूरदर्शी नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और संवेदनशील सोच का परिणाम है। उन्होंने इस अंचल की भौगोलिक विशिष्टताओं, विकास की आवश्यकताओं और पृथक राज्य की वर्षों पुरानी जनआकांक्षा को समझा तथा प्रधानमंत्री के रूप में उसे साकार किया। छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य के रूप में पहचान दिलाने वाला उनका यह ऐतिहासिक निर्णय प्रदेश के इतिहास में सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अटलजी का छत्तीसगढ़ से रिश्ता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि गहरा आत्मीय और भावनात्मक था। छत्तीसगढ़ और यहां के लोगों के प्रति उनके मन में विशेष स्नेह था। श्री साय ने अटल जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि उन्हें स्वयं भी श्रद्धेय अटल जी का स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। उनके साथ जुड़ी अनेक आत्मीय स्मृतियां आज भी मन में जीवंत हैं। अटल जी का स्नेह और उनका मार्गदर्शन उनके जीवन की अमूल्य स्मृतियों में है, जो उन्हें जनसेवा के पथ पर निरंतर प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अटलजी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। संवेदनशील कवि, प्रखर पत्रकार, ओजस्वी वक्ता और दूरदर्शी राजनेता के रूप में उन्होंने भारतीय जनमानस पर अमिट छाप छोड़ी। वे ऐसे सर्वस्वीकार्य राजनेता थे, जिन्हें दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर सभी वर्गों का सम्मान और स्नेह प्राप्त हुआ।

उद्घाटन : प्रदेश के मरीजों को जांच से लेकर उपचार तक एक ही स्थान पर मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं, विस अध्यक्ष डॉ. रमन, मंत्री जायसवाल और सांसद बृजमोहन रहे मौजूद

सीएम साय ने केयर कैंसर इंस्टिट्यूट का किया उद्घाटन, मिलेगा अत्याधुनिक उपचार

छत्तीसगढ़ में हर दिन करीब 100 नए कैंसर के मामले

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कैंसर के मरीजों को बेहतर और अत्याधुनिक उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर में केयर कैंसर इंस्टिट्यूट का उद्घाटन किया। इस अत्याधुनिक कैंसर संस्थान के शुरू होने से प्रदेश के मरीजों को कैंसर की जांच, सटीक निदान, सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी और अन्य जरूरी उपचार एक ही स्थान पर मिल सकेंगे।

उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल; रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे, एस्टर डीएम क्वालिटी केयर लिमिटेड के सीईओ-इंडिया डॉ. पवन कुमार, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर महादेवन नारायणमोनी, ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर प्रो. डॉ. सोमशेखर एस.पी., रीजनल सीईओ हरीश त्रिवेदी और प्रेसिडेंट-सेल्स एवं मार्केटिंग शलभ डांग सहित वरिष्ठ डॉक्टर, अस्पताल प्रबंधन, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विशेषज्ञ उपचार की उपलब्धता बढ़ाने की जरुरत: छत्तीसगढ़ में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। प्रदेश में हर दिन करीब 100 नए कैंसर के मामले सामने आने का अनुमान है। वर्ष 2025 में करीब 31,553 कैंसर के मामले अनुमानित थे, जबकि 2024 में यह संख्या 30,763 थी। ये आंकड़े कैंसर की समय पर जांच, शुरुआती पहचान और प्रदेश के भीतर ही विशेषज्ञ उपचार की उपलब्धता बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित करते हैं।अभी छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों से कई मरीजों को विशेष कैंसर उपचार के लिए बड़े महानगरों का रुख करना पड़ता है। इलाज कई महीनों तक चलने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को बार-बार लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे उन पर शारीरिक और मानसिक दबाव के साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ता है।

नए केयर कैंसर इंस्टिट्यूट में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन तथा प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के विशेषज्ञ एक साथ मिलकर मरीजों का उपचार करेंगे। यहां मरीजों को जांच और निदान से लेकर ट्रीटमेंट प्लानिंग, सर्जरी, सिस्टमिक थेरेपी, रेडिएशन थेरेपी, क्रिटिकल केयर, सपोर्टिव केयर और पैलिएटिव केयर तक की सुविधाएं समन्वित तरीके से उपलब्ध होंगी। इंस्टिट्यूट में डे-केयर कीमोथेरेपी बेड, सटीक रेडिएशन थेरेपी के लिए वर्सा एचडी लीनियर एक्सेलेरेटर, बेहतर और सटीक जांच के लिए एआई-सक्षम पीईटी-सीटी मशीन, विशेष बोन मैरो ट्रांसप्लांट सुइट्स और ट्यूमर बोर्ड रूम जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। मरीजों की रिकवरी और सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्थान के डिजाइन और वातावरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

केयर कैंसर इंस्टिट्यूट को छत्तीसगढ़ में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स की 36 वर्षों की चिकित्सा सेवा और अनुभव का मजबूत आधार मिला है। तीन दशक से अधिक समय में अस्पताल ने छत्तीसगढ़ के साथ पड़ोसी राज्यों के मरीजों को भी जटिल बीमारियों में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं प्रदान की हैं।कैंसर के ऐसे मरीज जिन्हें दूसरी जटिल स्वास्थ्य समस्याएं भी हैं, उन्हें अस्पताल की अन्य मेडिकल और सर्जिकल विशेषज्ञताओं का लाभ भी एक ही अस्पताल परिसर में मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, 'कैंसर पूरे देश के साथ छत्तीसगढ़ के लिए भी एक बढ़ती स्वास्थ्य चुनौती है। हमारी सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने, स्क्रीनिंग और शुरुआती जांच को बढ़ावा देने तथा प्रदेश के भीतर गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। केयर कैंसर इंस्टिट्यूट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं इस दिशा में हमारे प्रयासों को और मजबूती देंगी।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
शिवकुमार पटेल
सरपंच
श्री श्यामूलाला जायसवाल
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अंधरीकछार,
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्री राजेश चंद्रवंशी
सरपंच
श्रीमती वासीनी चंद्रवंशी
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सारंगपुरकला
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्रीमती रजवंतीन मोहन धुर्वे
सरपंच
श्री देवसिंह पोर्ते
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत छुही,
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्री फुलेश मेरावी
सरपंच
श्री बिहारी चंद्रवेशी
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत घोंघा,
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्री सुराज सिंह तिलगाम
सरपंच
श्री रामगोपाल सिंह
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मगरवाडा,
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्री अशोक पटेल
सरपंच
श्री मनहरण साहम
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बाघुटोला,
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्री कुमार पटेल
सरपंच
श्री तुलाराम पंद्राम
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मुडघुसरी मैदान,
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्रीमती लक्ष्मी परमेश्वर मानिपुरी
सरपंच
श्री महेश पाटिल
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत छपरी,
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्रीमती रेशमाबाई प्यारेलाल मेरावी
सरपंच
श्री नारायण चंद्रवंशी
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत भीरा,
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्री रवि कुमार चंद्रवंशी
सरपंच
श्री दुष्यंत साहू
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत गडईखुर्द,
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्रीमती श्वेता पूर्णा
सरपंच
श्री संतराम साहू
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मानिकपुर,
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्रीमती लीता पात्रे
सरपंच
श्री शत्रुहन चंद्रवंशी
सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मुनमुना,
वि.खं. बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग.

जिले में हर्षोल्लास व गरिमा के साथ मनाया 80 वां स्वतंत्रता दिवस

■ उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस प्रथम बटालियन ग्राउंड भिलाई में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का संदेश वाचन किया।

समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीद जवानों के परिजनों को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विज्ञान विकास केन्द्र दुर्ग ने प्रथम, डीपीएस रिसाली ने द्वितीय और सेजेस खम्हरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोदा को सांत्वना पुरस्कार तथा श्री शंकरा विद्यालय भिलाई को मास पीटी के लिए सम्मानित किया गया।

मार्चपास्ट में एनसीसी सीनियर बालक प्रथम, एनसीसी सीनियर बालिका द्वितीय और रेडक्रॉस तृतीय रहे। परेड प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल पुरुष प्रथम, सीमा सुरक्षा बल द्वितीय और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल महिला तृतीय रहे।

कार्यक्रम में विधायक ललित चन्द्राकर, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल, महापौर अलका बाघमार, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, वीरेन्द्र सिंह, हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम उत्तम ध्रुव, लवकेश ध्रुव, प्रभारी आयुक्त मोहेन्द्र साहू, आयुक्त मोनिका वर्मा सहित अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

भिलाई इस्पात संयंत्र में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। मेनगेट परेड ग्राउंड में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसके बाद सीआईएसएफजवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और महापात्र ने कमांडेंट सीआईएसएफ कुंवर बहादुर के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड में सीआईएसएफ, महिला सीआईएसएफ, फायर एंड सेफ्टी, एनसीसी आर्मी एवं एयर विंग, गाइड्स तथा बीएसपी के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों एवं प्लाटून कमांडरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापात्र ने बीएसपी बिरादरी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए औद्योगिक क्षमता, तकनीकी आत्मनिर्भरता और सामाजिक विकास जरूरी है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बीएसपी ने 60 लाख टन हॉट मेटल उत्पादन का ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किया। प्रस्तावित करीब 30 हजार करोड़ रुपये की विस्तार परियोजना से संयंत्र की क्षमता बढ़कर 102 लाख टन वार्षिक होने की संभावना है। समारोह में अजय कुमार चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, प्रबीर कुमार सरकार, राकेश कुमार, कमल भास्कर, एन.के. बंछोर सहित मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन प्रतिनिधि एवं संयंत्र कर्मी उपस्थित रहे। **मुख्य चिकित्सालय में भी ध्वजारोहण** :- सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में भिलाई महिला समाज की पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार, डॉ. संबिता पंडा, भिलाई महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्ष छवि निगम, उपाध्यक्ष मोली चक्रवर्ती, पूनम कुमार, केका सरकार, स्मिता भास्कर, कोषाध्यक्ष शिखा जैन एवं सहकोषाध्यक्ष रीता तिवारी सहित चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे। इस दौरान अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधा के लिए सी-आर्म मशीन का उद्घाटन किया गया। भिलाई महिला समाज की सदस्यों ने मरीजों को फल वितरित किए। कार्यक्रम का समन्वय महासचिव सोनाली रथ ने किया।

महापौर ने निगम मुख्यालय में किया ध्वजारोहण

नगर पालिक निगम दुर्ग में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। निगम मुख्यालय में महापौर अलका बाघमार ने ध्वजारोहण किया। आयुक्त मोहेंद्र साहू सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। महापौर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर जवानों को नमन करते हुए शहरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और विकास में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। समारोह में महापौर एवं आयुक्त ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कर्मियों में देशभक्ति और उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, सांस्कृतिक विभाग हर्षिका संभव जैन, रामचंद्र सेन, एल्डरमेन तुलसी साहू,अनूप सोनी सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर ने कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, कार्यपालन अभियंता मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, एस.के. केवलानी, पंकज साहू, विनोद मांझी, राजस्व अधिकारी आर.के. बोरकर, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष संजय मिश्रा, अनिल सिंह उपस्थित थे।

भाजपा जिला कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम

भिलाई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के प्रियदर्शनी परिसर, सुपेला स्थित जिला कार्यालय में गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने राष्ट्रध्वज फहराकर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि देश की स्वतंत्रता वीरों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, नटवर ताम्रकार, गोपाल कृष्ण वर्मा, पूनम शुक्ला, चंद्रकांता मांडले, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, जिला मंत्री विनोद सिंह, रश्मि सिंह, भारती साहू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, कार्यालय प्रभारी योगेंद्र सिंह, प्रवक्ता प्रेम लाल साहू, मीडिया सह प्रभारी सूरज जायसवाल, आईटी सेल प्रभारी बॉबी चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक सहित अन्य मौजूद थे।

स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस के 47 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित
अपराध जांच से लेकर साइबर और एनडीपीएस पर मिला सम्मान

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दुर्ग पुलिस के 47 अधिकारी-कर्मचारियों को उनके बेहतर और सराहनीय काम के लिए सम्मानित किया गया। 15 अगस्त को प्रथम बटालियन, भिलाई में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। अलग-अलग थाना, शाखा और पुलिस इकाइयों में काम कर रहे इन पुलिसकर्मियों ने अपराध जांच, साइबर अपराध, एनडीपीएस एक्ट, यातायात, कोर्ट से जुड़े काम और लोगों की शिकायतों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सम्मान के लिए ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों का चयन किया गया, जिन्होंने अपनी नियमित ड्यूटी के साथ पुलिसिंग के अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतर काम किया। इनमें अपराधों की जांच करने, आरोपियों को पकड़ने, चोरी की संपत्ति बरामद करने, साइबर अपराधों की जांच और नशीली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई करने वाले पुलिसकर्मी शामिल हैं। हत्या, चोरी और दूसरे गंभीर अपराधों की जांच में पुलिसकर्मियों ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी जानकारी और आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई।

मैत्री विद्या निकेतन में स्वतंत्रता दिवस पर गूंजा देशभक्ति का संदेश

भिलाई/नवप्रदेश। मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था की अध्यक्षा राजम सुधाकरण ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद स्कूल हेड बॉय अनिर्बान मुखर्जी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों की शपथ दिलाई। स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने परेड कर तिरंगे को सलामी दी। विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ. संजीता थंबी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता और अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता है। उन्होंने युवाओं से जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। प्रबंधक साजन सुधाकरण ने स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को याद करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सोनाक्षी साहू, हेतल साहू, जोया, शिवांश सिंह अग्रवाल, अदिति यादव और पाविका ने भाषण, कविता, समूहगान एवं नृत्य प्रस्तुत किए। अंतरशालेय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. सुरेखा पाटिल, डॉ. लक्ष्मी, निशी साजन सहित विद्यालय एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। संचालन सोनाक्षी चौबे और अदिति ने किया। समापन पर विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया।

न्यूज गैलरी

अटल के विराट व्यक्तित्व से सदैव प्रेरणा लेता रहेगा देश: मंत्री गजेन्द्र

दुर्ग। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दुर्ग के अटल परिसर (जेल तिराहा) में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अटल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंत्री गजेन्द्र ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को नई दिशा दी और राजनीति में शुचिता, संवेदनशीलता एवं सिद्धांतों की मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि अटल जी का विराट व्यक्तित्व, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट आस्था आज भी देशवासियों को प्रेरणा देती है। उनके विचार और आदर्श आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा एवं कर्तव्यबोध का मार्ग दिखाते रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अटल जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

आजादी के महापर्व पर ध्वजारोहण कार्यक्रमों में शामिल हुए अय्यूब खान

दुर्ग/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस पर दुर्ग-भिलाई में देशभक्ति और उल्लास का माहौल रहा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सचिव अय्यूब खान ने विभिन्न ध्वजारोहण कार्यक्रमों में शामिल होकर नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने महात्मा गांधी पुतला, बाबा अब्दुल रहमान शाह दरगाह, श्री राम चौक, सिविल लाइन मॉर्निंग वॉक कमेटी, मदरसा दारुल उलूम सहित दुर्ग-भिलाई युवा कार-बाइक रैली में हिस्सा लिया। अय्यूब खान ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देता है। हमें शहीदों के बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

आज देशव्यापी आंदोलन करेगा बीएमएस

भिलाईनगर। मजदूरों की लंबित मांगों और सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों को लेकर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने 17 अगस्त 26 को देशव्यापी आंदोलन का आह्वान किया है। रांची में आयोजित केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक के निर्णय के अनुसार देश की 28 राज्य इकाइयां और 42 उद्योग महासंघ जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन, रैली और धरना देंगे। जिले में डॉ. राजेंद्र प्रसाद चौक पर धरना एवं रैली के बाद जिला कलेक्टर के माध्यम से पीएम, वित्त मंत्री और श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त जानकारी नवीन कुमार साहू मीडिया सह प्रभारी भारतीय मजदूर संघ दुर्ग ने दी।

सामान्य सभा की बैठक 25 को

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई के सामान्य सभा की बैठक 25 अगस्त को समय 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में नगर निगम से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को सदन के समक्ष रखा जाएगा। बैठक में निगम महापौर, सभापति, आयुक्त सहित निगम के पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। सामान्य सभा की बैठक के लिए कुल 13 एजेंडे निर्धारित किए गए हैं। इन सभी एजेंडों को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। एजेंडों पर पार्षदगण द्वारा चर्चा की जाएगी तथा विषयों से संबंधित आवश्यक जानकारी सदन को उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में जनहित एवं निगम क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर पार्षद अपनी बात रखेंगे और संबंधित विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया जाएगा।

सहकारी बैंक दुर्ग के संचालक मंडल और ऋण उप समिति की बैठक संपन्न

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के संचालक मंडल एवं ऋण उप समिति की बैठक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष श्री नरेश यदु, सहायक संचालक कृषि श्री सुमन कुमार कोर्राम, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग सतीश पाटले एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.के. वर्मा उपस्थित रहे। बैठक में दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले की 22 सहकारी समितियों से संबंधित कृषकों के लिए फसल ऋण की पूरक साख सीमा 2026-27 से 2028-29 के अंतर्गत 1,833 किसानों को 20.55 करोड़ रुपये की ऋण सीमा स्वीकृत की गई। इसके अलावा गन्ना उत्पादन के लिए 7 किसानों को 17.45 लाख, कपास उत्पादन के लिए 1 किसान को 1 लाख, हाइब्रिड टमाटर उत्पादन के लिए 4 किसानों को 3.64 लाख तथा गोभी उत्पादन के लिए 1 किसान को 1.38 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया।

गौ-पालन के लिए 78 किसानों को 1.28 करोड़ तथा नवीनीकरण के अंतर्गत 33 किसानों को 56.19 लाख, मत्स्य पालन के लिए 3 किसानों को 7.44 लाख, बकरीपालन के लिए 2 किसानों को 2.38 लाख, कुक्कुट पालन के लिए 2 किसानों को 6 लाख तथा मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण के तहत 1 किसान को 2 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। इसके साथ ही हितग्राहियों की मांग के अनुसार अन्य अकृषि ऋण भी स्वीकृत किए गए।

अध्यक्ष बेलचंदन ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का बैंक की ऋण नीति के अनुसार किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक कृषक इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

आज पाटन से टोलाघाट निकलेगी भव्य कांवर यात्रा

■ संयोजक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में निकलेगी यात्रा, डॉ. प्रेमासाई महाराज देंगे आशीर्वाद

भिलाई/नवप्रदेश। बोल बम कांवर यात्रा समिति पाटन द्वारा सावन के तीसरे सोमवार 17 अगस्त को पाटन से टोलाघाट तक भव्य एवं विशाल कांवर यात्रा का आयोजन किया जाएगा। समिति के संयोजक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक यात्रा में पाटन सहित आसपास के क्षेत्रों से 50 हजार से अधिक शिवभक्तों के शामिल होने की संभावना है। यात्रा को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। संयोजक जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि कांवर यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आस्था, अनुशासन, सेवा, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि शिवभक्त सुबह 9 बजे पाटन के ओगगर तालाब स्थित भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लेंगे और 'बोल बम' के जयघोष के साथ टोलाघाट के लिए रवाना होंगे। उन्होंने पाटन क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों, युवा मंडलों, महिला समूहों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारी बंधुओं, स्वयंसेवकों एवं समस्त शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन किसी एक व्यक्ति या समिति का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की सामूहिक आस्था और श्रद्धा का पर्व है। टोलाघाट पहुंचने वाले शिवभक्तों के लिए 'एक मुट्ठी दान भगवान शंकर के नाम' अभियान के तहत प्राप्त अन्न एवं सहयोग से महाप्रसाद तैयार किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। मां मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश त्रिकालदर्शी डॉ. प्रेमासाई महाराज भी टोलाघाट पहुंचकर कांवर यात्रियों एवं शिवभक्तों को आशीर्वाद देंगे। उनके आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है।

बीआईटी में संभाग स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता आयोजित

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) दुर्ग में छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में संभाग स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता एवं नोडल अधिकारी बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य जागरूकता, एचआईवी/ एड्स के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. नीता बाजपेयी (राज्य नोडल अधिकारी, छत्तीसगढ़), नीतू मंडावी सहायक संचालक, सीजीएसएसीएस), जगजीत सिंह धीर जिला शिक्षा अधिकारी, डॉ. अनुप मिश्रा प्राचार्य, बीआईटी, डॉ. डी.एस. रघुवंशी (एनएसएस समन्वयक, सीएसवीटीयू) एवं भाग्यश्री वर्मा (संयुक्त संचालक, आईईसी, सीजीएसएसीएस) सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। क्विज में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के 37 से अधिक विद्यालयों के 74 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको की अनुष्का गुप्ता एवं चार्वी साहू ने प्राप्त किया और 3000 पुरस्कार जीता। द्वितीय स्थान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सबरीन खातून एवं नताशा गुप्ता ने प्राप्त किया, जिन्हें 2,000 दिए गए। तृतीय स्थान कृष्णा पब्लिक स्कूल सुंदर नगर की सौम्या देशमुख एवं प्रेम पाण्डेय ने प्राप्त किया और 1,000 पुरस्कार हासिल किया। इसके बाद संभाग स्तरीय नोडल अधिकारी बैठक में रेड रिबन क्लब की आगामी गतिविधियों, एचआईवी/एड्स जागरूकता, किशोर स्वास्थ्य एवं युवा सहभागिता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी (नोडल अधिकारी, रेड रिबन क्लब, बीआईटी दुर्ग) एवं डॉ. कौलेश्वर प्रसाद एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी बीआईटी के मार्गदर्शन में किया गया।

पुलिस की कार्रवाई, 5 आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में नशीली गोलियों की अवैध बिक्री को लेकर उतई थाना और एसीसीयू की टीम ने ग्राम डुण्डेरा में दबिश देकर नशीली टेबलेट बेचने के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक नाबालिग को भी पुलिस ने कस्टडी में लिया है। आरोपियों के पास से 71 पत्तों में 1065 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट और बिक्री से मिले 3500 रुपए बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, 15 अगस्त को उतई थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम डुण्डेरा के गायत्री नगर में केवेन्द्र पटेल उर्फ छोटा अपने साथियों के साथ नशीली टेबलेट बेच रहा है। सूचना के बाद उतई थाना और एसीसीयू की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने बताए गए हुलिए के आधार पर केवेन्द्र पटेल और एक नाबालिग को पकड़ लिया। पुलिस ने मामले में केवेन्द्र पटेल उर्फ छोटा (27), जीतू नायक उर्फ पोटरा (19), इब्राहिम अली खान (46), देवेन्द्र निर्मलकर (24) और घनश्याम गुप्ता (30) को गिरफ्तार किया है।

इनके साथ एक अपचारी बालक को भी विधि के अनुसार अभिरक्षा में लिया गया है।

जुनवानी से अग्रसेन चौक तक गूंजा राष्ट्रभक्ति का जयघोष, 80 मीटर लंबा तिरंगा रहा आकर्षण का केंद्र, भारत माता की आरती से समापन

80 मीटर तिरंगे के साथ निकली भाजपा की भव्य तिरंगा यात्रा

भिलाई/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई एवं युवा मोर्चा के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के मार्गदर्शन में आयोजित यात्रा जुनवानी चौक से प्रारंभ होकर माल चौक, दक्षिणमुखी बजरंगबली मंदिर चौक, केपीएस चौक होते हुए अग्रसेन चौक, नेहरू नगर पहुंची।

यात्रा में भाजपा के विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से पूरे मार्ग को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राकेश पांडेय, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोसेवाड़ा, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजेश बीचपुरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष भोजराज, जिला महामंत्री सुषमा जेठानी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक सहित प्रदेश, जिला एवं विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा का प्रमुख आकर्षण 80 मीटर लंबा विशाल तिरंगा रहा। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तिरंगे को पूरे मार्ग में संभालकर यात्रा की। विशाल तिरंगे के साथ आगे बढ़ते कार्यकर्ताओं का दृश्य लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। जगह-जगह नागरिकों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया और भारत माता की जय के जयघोष के साथ कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पवन निषाद के नेतृत्व में सदस्य अनुशासन के साथ अग्रिम पंक्ति में तिरंगा लेकर शामिल हुए। वहीं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल तथा महामंत्री विनय सेन और अमित राजपूत ने यात्रा के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यात्रा का समापन अग्रसेन चौक, नेहरू नगर में हुआ। यहां अखंड भारत के मानचित्र एवं भारत माता के तैलचित्र की पूजा-अर्चना कर आरती की गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया।

आयोजन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, नटवर ताम्रकार, गोपाल कृष्ण वर्मा, चंद्रकांता मांडले, चन्ना केशवलू, महामंत्री मनीष अग्रवाल, मंत्री विनोद सिंह, पारस जंघेल, कुबेर शर्मा, शैलेंद्र सिंह, हेमंत देवांगन, योगेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, तिलक राज यादव, सचिन ताम्रकार, प्रेम लाल साहू, विजय सिंह, सूरज जायसवाल, रवि कश्यप, रिंकू साहू, ज्ञानदास मानिकपुरी, दीप पटेल, बॉबी चौहान, सुभाष शर्मा, मो. जाकिर हुसैन सहित विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा के इस आयोजन ने भिलाई में स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को राष्ट्रप्रेम और एकता के संदेश से जोड़ा। 80 मीटर लंबे तिरंगे के साथ निकली यात्रा ने नागरिकों के बीच देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

सुविचार

क्रोध एक तेज हवा की तरह है, जो कुछ देर बाद शांत हो जाता है लेकिन तब तक बहुत कुछ तोड़ चुका होता है।

दिमागी नक्सली ज्यादा खतरनाक

स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर देश के नाम अपने संदेश में राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू ने सरकार की उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त करते हुए देश की युवा आबादी को सबसे बड़ी संपत्ति बताते हुए युवाओं से देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए आगे आने का आव्हान किया। साथ ही उन्होंने आतंकवाद को बड़ी चुनौती बताते हुए उन्हें चेतावनी भी दी कि आतंकवादियों को अंजाम भुगतना पड़ेगा। वे कहीं भी छुपे हों बचेंगे नहीं। स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और अपना भाषण मुख्य रुप से युवाओं पर ही केन्द्रीत रखा और युवा शक्ति को राष्ट्र शक्ति बताते उनसे राष्ट्र के नव निर्माण में जुटने की अपील की। पीएम मोदी ने महत्वपूर्ण और नई बात यह कही कि आज देश नक्सली हिंसा से मुक्त हो गया है लेकिन नक्सली विचारधारा अभी भी जिंदा है। देश को इन दिमागी नक्सलियों को पहचानना होगा और इनसे सावधान रहना होगा। ये समाज को गलत रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं और मौके की तलाश में बैठे हैं।पीएम मोदी की इस बात पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी चिदम्बरम ने कड़ी प्रतिक्रिया तो दी ही है उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि उन्हें दिमागी नक्सली होने पर गर्व है। उनके इस बयान से स्पष्ट है कि पीएम मोदी ने पूर्व में ठीक ही कहा था कि कांग्रेस अर्बन नक्सलियों की पार्टी बनती जा रही है। वास्तव में नक्सली विचारधारा और बौद्धिक नक्सली देश के लिए ज्यादा खतरनाक हैं। ये दिमागी नक्सली खुद हथियार नहीं उठाते बल्कि युवाओं को हथियार उठाने के लिए उकसाते हैं। अपरिपक्व युवाओं का ब्रेन वाश कर उन्हें हिंसा के रास्ते पर ले जाते हैं। अलगाववाद को बढ़ाया देते हैं और देशविरोधी ताकतों के हाथ मजबूत करते हैं। बीते कई दशकों के दौरान ये दिमागी नक्सली सिस्टम में घुसपैठ कर गए हैं। पैसा सरकार से लेते हैं सरकार विरोधी माहौल बनाते हैं। बौद्धिक संस्थानों, शिक्षण संस्थाओं और कला व साहित्य के क्षेत्र में भी इनकी गहरी घुसपैठ हो चुकी है। मीडिया में भी इनका दखल बढ़ चुका है। एक फिल्म आई थी कश्मीर फाइल्स जिसमें एक प्रोफेसर कहती है कि सरकार चाहे किसी की भी हो सिस्टम तो हमारा है। यह कड़वी सच्चाई है। वाकई इन दिमागी नक्सलियों ने सिस्टम पर अपनी पकड़ मजबूत कर रखी है और ये अवसर की ताक में बैठे रहते हैं कि कब किस बहाने से देश में अराजकता का माहौल बनाएं और हिंसा फैलाएं। इनसे निपटना वाकई बड़ी चुनौती है। आज भले ही देश नक्सली हिंसा से मुक्त हो गया है लेकिन ये दिमागी नक्सली आने वाले समय में नये नक्सली पैदा कर सकते हैं। इसलिए इनकी पहचान कर इन्हें सिस्टम से बाहर करना निहायत जरूरी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार इस दिशा में जल्द कड़े कदम उठाएगी।

वंदेमातरम् को लेकर फिर सियासी बवाल

राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम् को लेकर फिर सियासी बवाल खड़ा हो गया है। वंदेमातरम् की रचना के 150 साल पूरे होने पर संसद के इसी मानसून सत्र में वंदेमातरम् को पूरा गाने संबंधित विधेयक पारित हुआ है। जिस दौरान कांग्रेस ने सदन से बहिर्गमन कर दिया था। बहरहाल कानून बन जाने के बाद पहली बार लालकिले पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में वंदेमातरम् पूरा गाया गया। इसी दिन कांग्रेस मुख्यालय में जब वंदेमातरम् का गायन हुआ और उसे पूरा गाया गया तो कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी असहज दिखे। राष्ट्रीय गीत के सम्मान में शांति पूर्वक खड़े रहने की जगह सोनिया गांधी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और अन्य नेताओं के साथ बातचीत करते हुए नजर आई। भाजपा का आरोप है कि सोनिया गांधी वंदेमातरम् को पूरा गाने पर आपत्ति जताई रही थी। वे राष्ट्रीय गीत को दो पद के बाद रोकना चाहती थी लेकिन जब उन्हें बताया गया कि अब इसे पूरा गाना अनिवार्य है तब वे शांत हुई। भाजपा के आरोप का खंडन करते हुए कांग्रेस नेता अलग अलग बात कर रहे हैं। जिससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार छिड़ गई है। भाजपा नेता कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पर राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम् का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं वहीं डैमेज कंट्रोल में जुटे कांग्रेस नेता कह रहे हैं भाजपा हमें राष्ट्रीय गीत के सम्मान की सीख न दे। कुल मिलाकर कब एक बार फिर वंदेमातरम् को लेकर विवाद शुरू हो गया है।। जो देश हित में कतई उचित नहीं है। अब वंदेमातरम् को लेकर कानून बन गया है तो इसका सभी को सम्मान करना चाहिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1717 - फ्रांस, रूस और प्रशिया के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1743 - स्वीडन और रूस के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1787 - यहूदियों को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में समूह बनाकर प्रार्थना करने की इजाजत मिली। 1836 - ब्रिटेन की संसद में जन्म, विवाह और मृत्यु से संबंधित पंजीकरण स्वीकार किये गये। 1858 - हवाई द्वीप में पहला बैंक खोला गया। 1909 - मदन लाल ढींगरा को वायली और लालकाका की हत्या मामले में पेंटोनविली कैदखाने में फाँसी दी गयी। महान क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा को फाँसी पर चढ़ा दिया गया। 1914 - लिथुवानिया ने जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। 1915 - चक्रवाती तूफान से गेलवेस्टोन और टेक्सास में 275 लोगों की मौत। 1917 - इटली ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1924 - फ्रांस और जर्मनी के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1945 - सुकर्णो और मोहम्मद हट्टा ने इंडोनेशिया में नीदरलैंड से अपनी आजादी की घोषणा की। 1947 - भारत की आज़ादी के बाद पहली ब्रिटिश सैन्य टुकडी स्वदेश रवाना 1959 - सोवियत संघ और इराक ने इराक में परमाणु संयंत्र के निर्माण के लिये संधि पर हस्ताक्षर किये। 1982 - जर्मनी में पहली सीडी (कंपेक्ट डिस्क) लोगों के लिये उपलब्ध की गई। 1988 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया-उल-हक और अमेरिका के राजदूत अर्नोल्ड राफेल की एक हवाई दुर्घटना में मौत। 1994 - सं.रा. अमेरिका और जापान ने वाशिंगटन में पेटेंट समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1998 - राष्ट्रपति बिल क्लिंटन अपने अनैतिक आचरण के लिए प्रथम बार ग्रैंड जूरी के समक्ष उपस्थित हुए।

मीडिया और न्याय पालिका पर आंसू बहाने से पहले आईना देखने की जरुरत

वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने पिछले दिनों प्रेम भाटिया मेमोरियल लेक्चर में: 'लोकतंत्र के दो सबसे मजबूत स्तंभ प्रेस और न्यायपालिका दोनों हमें क्यों निराश कर चुके हैं जैसे विषय पर कई गंभीर सवाल उठाए 7 कपिल सिबल कांग्रेस पार्टी का फायदा उठाकर सांसद और कानून, मानव संसाधन (शिक्षा), संचार, आई टी के साथ ' अर्थ साइंस ' जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों के केंद्रीय मंत्री रहे हैं।

आलोक मेहता

जमीनी साइंस ' गड़बड़ होने से दिल्ली में पहले कभी सुषमा स्वराज और फिर डॉक्टर हर्षवर्धन से चुनाव हार गए। लेकिन कानूनवेत्ता होने से कानून और राजनीति के दांव पेंच के जरिये कांग्रेस ही नहीं लालू यादव, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, समाजवादी पार्टी आदि के समर्थन से राज्य सभा के सदस्य बने हुए हैं। वकील होने के कारण भ्रष्टाचार या और कोई गंभीर अपराध होने पर नरसिंहा राव से लेकर लालू यादव सहित नेताओं के लिए अपने नाम और काम से अदालतों को प्रभावित करते रहे हैं। मीडिया के लिए भी उन्होंने एक न्यूज़ चैनल शुरू किया या करवाया, लेकिन पता नहीं किस दबाव में कुछ ही महीनों में सबको निकाल बंद कर दिया। इस दृष्टि से उन्हें राजनीतिक ताकत, मीडिया और न्याय पालिका पर आधिकारिक बोलने का हक़ है।

सिब्बल साहब ने इस भाषण में कहा कि ' प्रेस का मुख्य काम सत्ता से कड़े सवाल पूछना और उसे जवाबदेह बनाना है। लेकिन आज मीडिया का एक बड़ा हिस्सा अपनी इस जिम्मेदारी से पीछे हट चुका है। मीडिया घरानों के व्यावसायिक हित और सरकारी विज्ञापनों पर निर्भरता ने उनकी स्वतंत्रता को प्रभावित किया है। जब वित्तीय लाभ मुख्य उद्देश्य बन जाता है, तो निष्पक्ष पत्रकारिता की बलि चढ़ जाती है। इसी तरह न्यायपालिका आज इस संस्था पर भी जनता का भरोसा कम हो रहा है।' उन्होंने इन दोनों संस्थाओं के पतन के पीछे आपस में जुड़े कारकों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि ' पद, प्रतिष्ठा या सुरक्षा के प्रलोभन में आकर लोग अपने पेशेवर सिद्धांतों से समझौता कर लेते हैं। ' मेरे जैसे पत्रकार इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिंहा राव, मनमोहन सिंह के सत्ता काल से सत्ता, न्याय व्यवस्था, मीडिया और फिर सिब्बल साहब के उतार चढाव को लगभग तीन देखते रहे हैं। इसलिए उनकी भाषण कला की तारीफ़ के साथ स्वतंत्रता के अधिकार का उपयोग करते हुए यह सवाल भी उठाना चाहेंगे कि पहले भी सत्ता से मीडिया और न्याय पालिका पर दबाव के ऐतिहासिक तथ्यों की फाइलों को कैसे दबा या भुला सकते हैं ?

इन दिनों जस्टिस यशवंत वर्मा के बंगले में लाखों नोटों की बोरियों के जलने के गंभीर आरोपों के सही ठहराए जाने के बाद भी उनको हटाने का मुद्दा चर्चा में है। इसलिए ध्यान आता है कि भारतीय न्यायपालिका की जवाबदेही के इतिहास में जस्टिस वी. रामास्वामी का मामला एक ऐसा अध्याय है, जिसमें न्यायाधीश पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप साबित होने के बावजूद संसद उन्हें पद से नहीं हटा सकी।रामास्वामी पर सरकारी धन और सरकारी सुविधाओं के कथित दुरुपयोग से जुड़े 14 आरोपों की जांच हुई थी। तीन सदस्यीय जांच समिति ने अधिकांश गंभीर आरोपों को सिद्ध माना। इस भरष्ट जज के बचाव में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की लगभग छह घंटे की कानूनी दलील, कांग्रेस सांसदों का मतदान से अलग रहना और तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव की राजनीतिक भूमिका आज भी संसद, न्याय पालिका और मीडिया के पुराने पन्नों में दर्ज है। संसद की प्रेस गैलरी में बैठकर 1993 में मैंने भी जज को बचाने के लिए उनकी दलीलें सुनी थी। कपिल सिब्बल के राजनीतिक जीवन की शुरुआत तभी हुई थी।

रामास्वामी की संसद में रक्षा के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव ने सिब्बल को कांग्रेस का टिकट दिया।1996 का लोकसभा चुनाव सिब्बल के राजनीतिक जीवन का पहला बड़ा चुनाव था। उन्हें कांग्रेस ने दक्षिण दिल्ली से उम्मीदवार बनाया। उनके सामने भाजपा की तेजतर्रार नेता सुषमा स्वराज थीं।सिब्बल चुनाव हार गए। लेकिन इस हार का अर्थ यह नहीं था कि उनका राजनीतिक करियर समाप्त हो गया। इसके उलट, कांग्रेस ने उन्हें राजनीतिक व्यवस्था में बनाए रखा। दो वर्ष बाद सिब्बल को संसद में प्रवेश का दूसरा रास्ता मिला।1997 में सिब्बल ने तत्कालीन बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का चारा घोटाले में बचाव किया और अगले वर्ष लालू प्रसाद ने बिहार से राज्यसभा के लिए सिब्बल की उम्मीदवारी का समर्थन किया। उसी रिपोर्ट के अनुसार लालू ने कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी को भी सिब्बल का समर्थन करने के लिए राजी किया। 8 जुलाई 1998 को वे बिहार से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य बन गए। राज्यसभा पहुंचने के बाद भी सिब्बल लालू का अदालत में और संसद में बचाव करते रहे। उन्होंने राज्यसभा में भी लालू के खिलाफ आरोपों को निराधार बताया 7 देर से सही मीडिया की रिपोर्ट्स और प्रमाणों से अदालतों में भ्रष्टाचार के आरोप सिद्ध होने से लालू यादव को न केवल जेल जाना पड़ा, बल्कि सांसदी भी चली गई।

1993 के बाद सिब्बल केवल रामास्वामी मामले में चर्चित वकील नहीं रहे। बाद में वे पी.वी. नरसिंह राव के कानूनी बचाव दल में भी शामिल हुए। झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद रिश्वत कांड में आरोप था कि 1993 में नरसिंह राव सरकार को बचाने के लिए कुछ सांसदों को कथित रूप से रिश्वत दी गई थी। मामला अंततः सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ तक गया। उपलब्ध कानूनी स्रोत में पी.पी. राव, डी.डी. ठाकुर और कपिल सिब्बल को अपीलकर्ताओं के वकीलों में दर्ज किया गया है। वैसे इस मामले में में उनके प्रमुख वकील के रूप में आर.के. आनंद का नाम है। ढ्ढआर.के. आनंद बाद में 2000 में झामुमो के समर्थन से राज्यसभा पहुंचे। यही नहीं कपिल सिब्बल ने नरसिंह राव और चंद्रास्वामी दोनों का बचाव किया था।यह लखूभाई पाठक पर धोखाधड़ी का प्रकरण था।आरोप था कि 1983 में तत्कालीन विदेश मंत्री पी.वी. नरसिंह राव, चंद्रास्वामी और उनके सहयोगी ÷मामाजी÷ ने ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय मूल के व्यवसायी लखूभाई पाठक से कथित रूप से 100,000 डालर की धोखाधड़ी की। सी बी आई का आरोप था कि भारत में न्यूज़ प्रिंट पेपर पल्प का ठेका दिलाने का वादा किया गया था। जब अदालत ने राव को बरी करने के फैसला सुनाए जाने के बाद राव ने सिब्बल को गले लगाया था। राजनीतिक गलियारों में कहा यही जाता रहा कि इस तरह के मामलों में सिब्बल साहब के रिश्तों का असर न्याय पालिका पर रहा। सिब्बल साहब ने अपने भाषण में मीडिया मालिकों और पत्रकारों पर इस समय भारी दबाव और विदेशी पूर्वाग्रही रिपोर्ट्स का हवाला दिया है। यहाँ भी वे काले पन्ने भूल गए या भुलाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं भाजपा या उनके समर्थकों की तरह केवल आपात काल की बात भी नहीं कर रहा हूँ। स्वतंत्र भारत में प्रेस की आर्थिक स्वतंत्रता से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा सरकार द्वारा 1960 में जारी आदेश से अखबार के कीमत और पृष्ठों की संख्या के बीच संबंध नियंत्रित किया जाना था।

1962 में एक आदेश के तहत सरकार कागज़ आयात, कोटा, पृष्ठ संख्या और उपयोग को नियंत्रित करती थी। फिर 1972-73 में तो कठोर न्यूज़प्रिंट नीति में कठोर प्रतिबन्ध लगाए, तो बड़े प्रकाशक अदालत गए। इंडियन एक्सप्रेस ही नहीं प्रादेशिक अख़बारों पर कांग्रेस सरकारों, नेताओं का दबाव विज्ञापन रोकने, आर्थिक आरोपों के मामले दर्ज करने के रिकॉर्ड हैं। बिहार में जगन्नाथ मिश्रा द्वारा लाया गया प्रेस कानून, राजीव गांधी सरकार में लाया गया मानहानि कानून प्रेस पर खतरों की तरह माने गए। लालू यादव ने चारा काण्ड छापने पर 1990 में पटना में प्रेस पर सीधा हमला करवा दिया, तब मैं उसी अख़बार का संपादक था और पहली खबर भी लिखी थी। खैर हमले के बाद भी हमने लिखना बंद नहीं किया। उत्तर प्रदेश में समाजवादी सी एम् मुलायम सिंह यादव के राज में अख़बारों पर ' हल्ला बोल 'के तहत हमले के तथ्य कैसे न भुलाए जा सकते हैं। अब ऐसे हमले तो कहीं नहीं हो रहे हैं।

जेन जी का आंदोलन : जीत, चेतावनी या बदलाव की दस्तक?

डॉ. समरेन्द्र शर्मा

हमारे यहां आंदोलन का इतिहास काफी पुराना है। ऐसे में किसी भी आंदोलन को समझने के लिए यह देखना जरूरी है कि वह किसके खिलाफ है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी यह समझना है कि वह किस समस्या के कारण पैदा हुआ है। जेन जी के बीच हालिया उभरा असंतोष महज किसी एक परीक्षा, एक मंत्री या एक सरकारी फैसले का परिणाम मान लेना बहुत आसान होगा, लेकिन ऐसा मान लेना अधूरा होगा। इसके पीछे शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता, रोजगार की कमी, अवसरों की असमानता और व्यवस्था के प्रति लगातार कम होता भरोसा जैसे कई सवाल हैं। सोशल मीडिया ने इस असंतोष को अभूतपूर्व गति दी है। जिस पीढ़ी को हमेशा मोबाइल और रील्स की दुनिया में खोई हुई पीढ़ी कहा जाता है, वही पीढ़ी जब किसी मुद्दे पर सड़क पर उतरती है तो सवाल विरोध का नहीं रहता, बल्कि यह भी बन जाता है कि आखिर उसके भीतर इतना असंतोष पैदा क्यों हुआ?

नीट पेपर लीक को लेकर जंतर-मंतर में जो आंदोलन हुआ, वह दरअसल अचानक नहीं हुआ। हर बड़ा आंदोलन किसी एक घटना से दिखाई जरूर देता है, लेकिन उसकी जमीन लंबे समय में तैयार होती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा कोई स्टूडेंट कई सालों से इसमें जुटा होता है। उसका पूरा परिवार पढ़ाई पर पैसा और उम्मीद दोनों लगाता है। लाखों विद्यार्थी एक सीमित संख्या में सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। ऐसे माहौल में परीक्षा की निष्पक्षता केवल प्रशासनिक विषय नहीं रह जाती।

ऐसे में वह स्टूडेंट के भविष्य का प्रश्न बन जाती है। यदि परीक्षा रद्द होती है, पेपर लीक होता है, परिणाम पर सवाल उठता है या भर्ती प्रक्रिया वर्षों तक अटकी रहती है तो स्टूडेंट्स के लिए यह सिर्फ एक खबर नहीं होती। उसके जीवन के कई वर्ष उससे जुड़े होते हैं। यही कारण है कि पेपर लीक या भर्ती संबंधी विवाद युवाओं में असाधारण प्रतिक्रिया पैदा करते हैं। वो जमाना गया जब आंदोलन के लिए संगठन चाहिए था। संगठन के लिए बैठकें होती थीं। पर्चे छपते थे। नेता तय होते थे। फिर सड़क पर भीड़ आती थी। अब तस्वीर बदल गई है। एक पोस्ट हजारों लोगों तक पहुंच सकती है। एक वीडियो कुछ घंटों में देश के दूसरे हिस्सों तक पहुंच सकता है। एक मीम राजनीतिक भाषण से ज्यादा प्रभाव पैदा कर सकता है।

इसने आंदोलन को आसान बना दिया और उसकी गति बढ़ा दी है। लेकिन इसके साथ एक कमजोरी भी आई है। जो आंदोलन बहुत तेजी से बनता है, वह उतनी ही तेजी से बिखर भी सकता है क्योंकि डिजिटल समर्थन को स्थायी संगठन में बदलना आसान नहीं है। सोशल मीडिया पर किसी मुद्दे का ट्रेंड करना यह बताता है कि उस मुद्दे ने डिजिटल दुनिया में बड़ी प्रतिक्रिया पैदा की है। लेकिन इससे यह स्वतः सिद्ध नहीं होता कि पूरा समाज उसी विचार के साथ खड़ा है।

भारत की युवा आबादी बहुत बड़ी और विविध है। किसी महानगर का युवा, छोटे शहर का प्रतियोगी परीक्षार्थी और ग्रामीण क्षेत्र का बेरोजगार युवा एक जैसी समस्याओं का सामना नहीं करते। इसलिए जेन जी को एक समान राजनीतिक या सामाजिक समूह मानना भी उचित नहीं होगा। यह आंदोलन एक साझा असंतोष का संकेत हो सकता है, लेकिन इसे पूरी पीढ़ी की एकमत आवाज कहना अतिशयोक्ति होगी।

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आंदोलन किस कारण से हुआ और जिस वजह से हुआ वह खत्म हुआ या नहीं। यदि परीक्षा व्यवस्था पर भरोसा टूटा है तो उसे बहाल करना होगा। पेपर लीक की समस्या है तो केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं होगा। परीक्षा प्रक्रिया की सुरक्षा, प्रश्नपत्र की गोपनीयता, डिजिटल सुरक्षा, परिवहन व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों की निगरानी और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई जैसे कड़े कदम उठाने होंगे।

अगर रोजगार का संकट है तो केवल सरकारी नौकरियों की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा। निजी क्षेत्र में रोजगार, कौशल, उद्योग, उद्यमिता और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करना होगा। ऐसे अहम सवाल यह उठता है कि मंत्री का इस्तीफा समाधान है क्या? किसी मंत्री का इस्तीफा राजनीतिक जवाबदेही का प्रतीक हो सकता है, लेकिन लोकतंत्र में जवाबदेही का अर्थ केवल किसी व्यक्ति का पद छोड़ना नहीं है। एक मंत्री चला गया और व्यवस्था वही रही, तो समस्या का समाधान नहीं हुआ।

वास्तविक जवाबदेही तब होगी जब यह पता चले कि गलती कहां हुई, किसकी जिम्मेदारी थी, क्या कार्रवाई हुई और भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए क्या बदला गया। इसलिए किसी भी आंदोलन की सफलता को केवल इस्तीफे से मापना गलत होगा। इस्तीफा राजनीतिक घटना है। संस्थागत सुधार प्रशासनिक उपलब्धि है। दोनों को अलग-अलग देखना होगा।

आंदोलनकारियों को भी यह स्वीकार करना होगा कि सरकार से सवाल पूछना जितना जरूरी है, स्वयं से सवाल पूछना भी उतना ही जरूरी है। क्या हर समस्या का समाधान सड़क पर है? क्या हर विरोध को किसी राजनीतिक दल का समर्थन लेना जरूरी है? क्या सोशल मीडिया पर वायरल होना लोकतांत्रिक सफलता है? क्या आंदोलन के पास केवल मांगें हैं या समाधान भी हैं? और सबसे महत्वपूर्ण यह कि क्या आंदोलन समाप्त होने के बाद भी युवा नागरिक के रूप में सक्रिय रहेंगे?

लोकतंत्र में नागरिक की भूमिका पांच साल में एक बार वोट देने तक सीमित नहीं हो सकती। अगर युवा चुनाव के बाद फिर पांच साल तक चुप हो जाता है, तो आंदोलन की ऊर्जा धीरे-धीरे खत्म हो जाती है। लेकिन अगर वही युवा बजट देखता है, शिक्षा नीति पर सवाल पूछता है, अपने सांसद-विधायक से जवाब मांगता है, स्थानीय प्रशासन पर निगरानी रखता है और गलत सूचना से बचता है, तब आंदोलन एक स्थायी नागरिक शक्ति बनता है।

कुल मिलाकर नई पीढ़ी शायद राजनीति की भाषा भी बदल रही है।पुरानी राजनीति में युवा अक्सर जाति, समुदाय, क्षेत्र या किसी बड़े राजनीतिक नेतृत्व की पहचान के माध्यम से देखे जाते थे। लेकिन आज एक युवा यह भी पूछ रहा है कि मेरी परीक्षा निष्पक्ष क्यों नहीं? मेरी भर्ती समय पर क्यों नहीं? मेरी डिग्री के बाद रोजगार कहां है? शिक्षा इतनी महंगी क्यों है? सरकारी स्कूल और कॉलेज बेहतर क्यों नहीं हैं? और यदि सरकार मेरे लिए अवसर नहीं बना सकती तो उसकी नीतियों का मूल्यांकन कैसे किया जाए?

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन से आप कुछ विशेष आशाएं लगाए रहेंगे लेकिन आज बीते दिनों जैसी सुख सुविधा नही मिल पाएगी जिससे कोई भी कार्य आरंभ तो ले देकर कर लेंगे।

वृषः आज आप सार्वजनिक कार्यो में अपनी बुद्धि विवेक का परिचय देंगे लेकिन जहां बात व्यक्तिगत स्वार्थ की आएगी वहां वाणी और धैर्य दोनो जवाब दे जाएंगे।

मिथुनः आज के दिन आपको अपनी वाणी पर विशेष नियंत्रण रखना होगा। प्रातः काल मे ही किसी कुटुम्बी जन से अच्छी खासी कहासुनी होने की संभावना है।

कर्कः आज के दिन आप जिस भी कार्य को करेंगे उसमे आरम्भ में आनाकानी करेंगे लेकिन एक बार हाथ मे लेने के बाद उसी में मगन हो जाएंगे।

सिंहः आज के दिन आप मन ही मन बड़ी बड़ी योजनाए बनायेगे लेकिन किसी अन्य के ढुलमुल रवैये के कारण इनको आगे नही बढ़ा सकेंगे।

कन्याः आज के दिन आपके दिमाग मे चंचलता हावी रहेगी। किसी भी कार्य के प्रति गंभीर नही रहेंगे पूर्व में किसी की बंधाई उम्मीद लेकर आशा के भरोसे मध्यान तक इंतजार करना पड़ेगा।

तुलाः आज के दिन किसी ना किसी रूप में हानि होने की संभावना है। पिता अथवा पैतृक कार्य मे अतिआत्मविश्वास से बचे अन्यथा परिणाम आशा के एकदम विपरीत ही मिलेंगे।

वृश्चिकः आपके लिये आज का दिन लाभदायक रहेगा सार्वजनिक क्षेत्र पर पूर्व में की गई मेहनत और व्यवहारिकता का शुभ फल किसी न किसी रूप अवश्य मिलेगा। कार्य व्यवसाय में स्थिरता नही रहेगी।

धनुः आज के दिन आपको पारिवारिक प्रतिष्ठा अथवा सहयोग से कुछ ना कुछ लाभ अवश्य मिलेगा। कार्य क्षेत्र पर आप जिस कार्य को झंझट वाला समझेंगे।

मकरः आज के दिन पिछले पुण्य उदय होने से आपकी धार्मिक भावनाएं जागृत होंगी। दिन का आरंभिक भाग मानसिक रूप से शांति देगा लेकिन इसके बाद दैनिक कार्यो की भागदौड़ में शरीर का भी ख्याल नही रहेगा।

कुंभः आज दिन के आरम्भ से ही सेहत संबंधित समस्या लगी रहेगी शरीर मे दर्द अकड़न कमजोरी अनुभव करेंगे। कार्य क्षेत्र पर भी कुछ विशेष ना रहने के कारण जानबूझ कर दिनचार्य को धीमी गति से चलाएंगे।

मीनः आज के दिन आप जो भी योजना बनाएंगे उसमे कई लोग बिना मांगे ही सलाह देंगे जिस कारण असमंजस की स्थिति बनेगी।

QUIZ TIME

1) भारत का पहला राज्य कौन सा है जिसने एयर एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर टूरिज्म सेवाएं शुरू की हैं?

2) नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल्स मिशन किस मंत्रालय की पहल है?

3) किस भारतीय राज्य में सरंडा वन स्थित है, जिसे सात सौ पहाड़ियों की भूमि कहा जाता है?

4) किस देश ने ऑपरेशन मिडास, एक बड़ा भ्रष्टाचार विरोधी जांच अभियान शुरू किया है?

5) ओडिशा में पहली बार सफलतापूर्वक उगाए गए यूस्टोमा फूल का मूल स्थान कौन सा क्षेत्र है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मध्य प्रदेश (2) वस्त्र मंत्रालय (3) झारखंड (4) यूक्रेन (5) मेक्सिको और अमेरिका

पहेली

शब्द सामर्थ्य -131

डीएवी स्कूल जांता में देशभक्ति के उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

प्राचार्य ने किया ध्वजारोहण, विद्यार्थियों का सम्मान

बेमेतरा/नवप्रदेश। क्षेत्र के प्रतिष्ठित सीबीएसई विद्यालय डीएवी स्कूल जांता में स्वतंत्रता दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूजा देवव्रत मिश्रा सरपंच ग्राम पंचायत जांता, सरपंच प्रतिनिधि देवव्रत मिश्रा, पंच हीरालाल चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को दी सलामी

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के साथ विद्यालय के प्राचार्य पीएल जायसवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तिरंगे को सलामी देने के पश्चात राष्ट्रगान की सामूहिक प्रस्तुति से संपूर्ण विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत हो उठा। विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय ने उत्साहपूर्वक 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' एवं 'जय हिंद' के उद्घोष किए।

शहीदो को श्रद्धांजलि, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भावविभोर

समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, ओजपूर्ण

भाषण, कविता-पाठ, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों एवं राष्ट्रनायकों के त्याग, तपस्या, साहस और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। विशेष रूप से नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने अतिथियों एवं पालकों को भावविभोर कर दिया।

आकर्षक सजावट

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर को तिरंगे ध्वजों, गुब्बारों, पुष्पों एवं आकर्षक सजावट से भव्य रूप प्रदान किया गया था। परिसर में चारों ओर लहराता तिरंगा राष्ट्रीय गौरव एवं स्वतंत्रता की भावना को अभिव्यक्त कर रहा था।

स्वतंत्रता हमें अधिकारों के साथ राष्ट्र के प्रति करता हैं कर्तव्यों का बोध: अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष एवं बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध भी कराती है। विद्यार्थियों को अनुशासन, ईमानदारी, जिम्मेदारी एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करते हुए देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

सराहना एवं प्रेरित: मुख्य अतिथि एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रहित एवं समाजहित में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने के प्रयासों की प्रशंसा की।

विद्यार्थियों ने हासिल की अनेक उपलब्धियां: साथ ही जानकारी साझा करते हुए बताए कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनेक उपलब्धि हासिल कर रहें हैं जिसमें बच्चे अभी तक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्टार पर 180 अवॉर्ड विद्यालय के बच्चों ने अपने नाम कर लिए हैं अभी सजीएफआई से मान्यता प्राप्त खेल में व डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तहत विद्यालय के कुल चार टीम अंडर 14 बालक- बालिका एवं अंडर 17 बालक - बालिका कबड्डी विनर बनकर उनका चयन हुआ है। नवाचार के तहत चेन्नई में आयोजित यंग साइंटिस्ट इंडिया व स्पेस किट्स इंडिया ग्रैंड फिनाले प्रोग्राम में 23 अगस्त को आयोजित में हिस्सा ले रहें हैं, नासा ओलंपियाड में अब तक 107 बच्चों ने गोल्ड मैडल हासिल किए हैं।

राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना: कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिथियों, पालकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं समस्त सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई। विद्यालय परिसर 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' एवं 'जय हिंद' के नारों से गुंजायमान रहा। संपूर्ण आयोजन ने विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

संक्षिप्त खबरें

प्राथमिक शाला गब्दा में धूमधाम से मनाया गया 80 वां स्वतंत्रता दिवस

बेमेतरा/नवप्रदेश। 15 अगस्त 2026 को देश के 80 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला गब्दा (बेरला) में ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। स्वतंत्रता दिवस का यह राष्ट्रीय पर्व हमें वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की याद दिलाता है। इस पावन अवसर पर विद्यालय की कक्षा पहली से पांचवीं तक की विभिन्न शैक्षणिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले होनहार बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी (खण्ड बेरला) की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 'छत्तीसगढ़ महतारी' का फोटो फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया, ताकि बच्चों में अपनी संस्कृति और राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना जागृत हो। कार्यक्रम में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी खण्ड बेरला अध्यक्ष धनंजय निषाद एवं बेमेतरा जिला मीडिया प्रभारी नंदू छत्तीसगढ़िया (छुष्टक्क) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही गांव के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक धनसिंह निषाद, चंद्रिका प्रसाद, मोहन निषाद, जनक निषाद, घनश्याम वर्मा, दुकालू निषाद और जगदीश निषाद ने विशेष रूप से शिरकत कर बच्चों का हौसला बढ़ाया। स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं और उपस्थित ग्रामीणों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की गाड़ा-गाड़ा बधाई व शुभकामनाएं दीं।

मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने 27 पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

बेमेतरा/नवप्रदेश। आज 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय बेमेतरा के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल परेड ग्राउण्ड बेमेतरा में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के द्वारा बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, नगर पालिका अध्यक्षक विजय सिन्हा, बेमेतरा जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमाजय दिवाकर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा एवं जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुप्रतिष्ठा ममगाई (भा.प्र.से.) एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) व वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, सभी विभागो के अधिकारी-कर्मचारी बडी संख्या में नगरवासियों की उपस्थिति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बेमेतरा पुलिस के 27 अधि./कर्मचारियों थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक सोनल ग्वाला, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी नांदघाट निरीक्षक लेखराम ठाकुर, थाना प्रभारी चंदनू उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे, चौकी प्रभारी देवकर उप निरीक्षक अलील चंद, सउनि जितेन्द्र कश्यप, विष्णु सप्रे, दीनानाथ सिन्हा, महिला प्रधान आरक्षक अनुपमा दुबे, प्रधान आरक्षक गोविंद सिंह, लोकेश सिंह, खेमलाल साहू, ऐश्वर्यसिंह, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, आरक्षक मनीष सिंह, विजय लहरे, सुरेश सोनकर, आकाश सिंह राजपूत, मोहित देवांगन, आमिर हुसैन, तारन घितोडे, संजय पाटिल, देवेन्द्र साहू, चुरावन पाल, संदीप साहू एवं अन्य 02 को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

थान खम्हरिया में प्रभात फेरी से गूंजा देशभक्ति का संदेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर थाना प्रभारी खम्हरिया निरीक्षक सत्यप्रकाश उपाध्याय ने थाना खम्हरिया परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होने अधिकारी/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसी दौरान शिक्षकों और शिक्षिकाओं के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी थानखहरिया थाना के पास से होते हुए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरी। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भाग लिया। बच्चों के हाथों में तिरंगे थे और वे देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रास्ते भर लोगों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस तरह की प्रभात फेरी बच्चों में देशप्रेम की भावना जगाने के साथ-साथ आम जनता को भी राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। प्रभात फेरी के माध्यम से आमजन को देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया।

बहु द्वारा अपने ससुर को गुटखा खाकर कहीं भी थूक देते हो कहने पर

धारदार वस्तु से पेट में प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी मुकेश घृतलहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 14.08.2026 के दोपहर करीबन 03.30 बजे खलेश्वर पाटले के साथ अपने घर के सामने जैतखाम के पास बातचीत करते खडे थे, कि उसी समय बड़े पापा गोविंद घृतलहरे के घर से लडाई झगडा की आवाज आने पर हम दोनो बड़े पापा गोविंद के घर में गए तब देखे कि भाभी ताजेश्वरी बड़े पापा गोविंद को घर में जहां पाते हो वहां थूकते हो बोलकर मना कर रही थी उसी बात पर से बड़े पापा गोविंद घृतलहरे के द्वारा अश्लील गाली ङ्क गलौज कर जहां पाऊं वहां पर थुकू तुम मुझे बोलने वाले कौन होते हो बोलकर तुम्हारा हमेशा का नाटक है जान सहित मारने की धमकी देते हुए घर में रखे सब्जी काटने की चाकू से हत्या करने के नियत से भाभी ताजेश्वरी घृतलहरे के पेट में मार रहे थे तो भाभी बीच बचाव किए तो उसके बांये हाथ के उंगली में चोंट लगा फिर बहन के द्वारा क्या कर रहे हो पापा कहकर बड़े पापा

को पकड़ लिया तब भाभी ताजेश्वरी घर से बचाव बचाव कहते हुए निकली तब बड़े पापा गोविंद आज तुझे जान सहित मारकर जेल जाउंगा कहते हुए भाभी ताजेश्वरी को फिर मारने के लिए दौडा तब वह और खलेश्वर बीच बचाव किए है। अगर बीच बचाव नहीं करते तो बड़े पापा गोविंद घृतलहरे, भाभी ताजेश्वरी घृतलहरे की अवश्य ही हत्या कर देता। चाकु मारने से भाभी ताजेश्वरी के बायें पेट के उपर पसली एवं दाहिना हाथ की अंगुली में गंभीर चोंट लगी है। जिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल बेमेतरा लेकर गये है। कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 109, 296, 351(3) ब्नहस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की जानकरी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक बेमेतरा त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, एसडीओपी बेमेतरा भुषण एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदनू उप निरीक्षक द्वाविका प्रसाद देश लहरे को थाना स्टाफके साथ प्रकरण की विवेचना कार्यवाही में लगाया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी गोविंद घृतलहरे उम्र 65 साल निवासी देवरी थाना चंदनू जिला बेमेतरा को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार किया। पुछताछ करने पर पता चला कि दिनांक 14.08.2026 के दोपहर करीबन 03:30 बजे यह अपने घर परछी में बैठा था, उसी समय बहु पुजा ऊर्फ ताजेश्वरी के द्वारा गुटखा, खाकर जहां पाते हो वहा थुक देते हो कहने पर यह आवेश मे आकर आज जान सहित मरने की धमकी देते हुए किचन में रखे सब्जी काटने की धारदार वस्तु से अपनी बहु की पेट में प्राणघातक हमला करना। फिर धारदार वस्तु को अपने घर के परछी में छिपाना। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार वस्तु एवं अन्य साक्ष्य जप्त किया गया।

प्रकरण में आरोपी गोविंद घृतलहरे पिता स्व. परसू दास घृतलहरे उम्र 65 वर्ष, निवासी देवरी थाना चंदनू जिला बेमेतरा को 15.08.2026 को विधिवत गिरुफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदनू उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे, प्रधान आरक्षक रघुनाथ नेताम, आरक्षक भुषण राजपूत, सुनील साहू, हीरालाल साहू, अमित यादव, राजतिलक हिरवानी सहित समस्त थाना चंदनू स्टाफका महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नवागढ़ में लोधी गौरव यात्रा का भव्य स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश नवागढ़। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित लोधी गौरव यात्रा एवं प्रतिमा अनावरण समारोह की शोभायात्रा का रविवार को नवागढ़ मेन चौक में सर्व ब्राह्मण समाज, नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की ओर से पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के नवागढ़ पहुंचते ही समाजजनों ने उत्साहपूर्वक पुष्पवर्षा कर यात्रा में शामिल लोगों का अभिनंदन किया।इस दौरान लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष धनश्याम वर्मा का सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से प्रदेश सचिव विकास धर दीवान ने पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समाजजनों ने उन्हें गौरव यात्रा के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।प्रदेश सचिव विकास दीवान ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का साहस, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति सभी के लिए प्रेरणादायी है। ऐसी गौरव यात्राएं इतिहास के वीर नायकों एवं नायिकाओं के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ सामाजिक एकता और सद्भाव को मजबूत करने का माध्यम बनती हैं।

बस्तर क्रिएटर हब स्टूडियो का डिप्टी सीएम ने किया शुभारंभ

कवर्धा / नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जगदलपुर स्थित लाला जगदलपुरी ग्रंथालय परिसर में स्थापित बस्तर क्रिएटर हब स्टूडियो का शुभारंभ किया। आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित यह क्रिएटर हब बस्तर के युवाओं, नवाचारी लोगों और स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी रचनात्मकता एवं विचारों को व्यापक मंच तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करेगा।

शुभारंभ के अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्रिएटर हब की विभिन्न सुविधाओं का

अवलोकन किया और यहां उपलब्ध आधुनिक तकनीकी संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने युवाओं को डिजिटल माध्यमों से अपनी प्रतिभा को सामने लाने और बस्तर की कला, संस्कृति, परंपरा, पर्यटन एवं विकास की सकारात्मक तस्वीर देश-दुनिया तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया।

मिशन 80 वां रक्तवीर के तहत 41 रक्तवीरों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

कवर्धा / नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम के निर्देशानुसार युवा सारथी सेवा संस्था छत्तीसगढ़ एवं पी.जी. कॉलेज, जिला कबीरधाम के संयुक्त तत्वावधान में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पी.जी. कॉलेज के आचार्य पंथ हकनाम साहेब बहुउद्देशीय हाल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन ÷मिशन 80वां रक्तवीरः मेरा रक्तदान, राष्ट्र के नाम÷ की भावना के साथ किया गया। इस दौरान युवाओं

एवं अन्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 41 रक्तवीरों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। आयोजकों ने रक्तदाताओं के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

आरोपी के विरुद्ध महिला थाना में धारा 06 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध

नाबालिग से दुष्कर्म कर शादी का झांसा, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिला के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव (के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रमिला मंडावी के दिशा-निर्देशन में महिला थाना पुलिस टीम द्वारा नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर लगातार शारीरिक शोषण करने के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

प्रकरण के अनुसार, दिनांक 29.06.2026 को नाबालिग पीड़िता द्वारा अपने परिजनों के साथ महिला थाना

उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पीड़िता ने बताया कि ग्राम कटंगी कला, थाना सिंघनपुरी जंगल निवासी करन ध्रुवे द्वारा अक्टूबर-नवंबर 2025 में उसे बहला-फुसलाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया गया। इसके बाद आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर लगातार उसका शारीरिक शोषण किया, जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता के गर्भवती होने की जानकारी आरोपी को होने पर वह फरार हो गया।

पीड़िता की रिपोर्ट पर महिला थाना में अपराध क्रमांक 29/2026, धारा 64(2)(एम), 87 बीएनएस एवं धारा 06 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा पीड़िता एवं उसके परिजनों के कथन दर्ज किए गए तथा पुलिस टीम द्वारा उपलब्ध साक्ष्यों एवं तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी की लगातार तलाश की गई। आरोपी के नागपुर, महाराष्ट्र में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम द्वारा वहां पहुंचकर आरोपी करन ध्रुवे पिता लखन ध्रुवे, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम कटंगी कला, थाना सिंघनपुरी जंगल, वर्तमान पता धनगांव, थाना लोहारा, जिला कबीरधाम को दिनांक 16.08.2026 को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

आरोपी से पूछताछ एवं विवेचना में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अपराध में संलिप्तता पाए जाने पर नियमानुसार गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। प्रकरण की विवेचना जारी है। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में महिला थाना प्रभारी एवं महिला थाना पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

बेरला विकासखंड में कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। कृषि विभाग द्वारा जिले में कृषि आदान सामग्री के भंडारण, अभिलेखों के संधारण एवं विक्रय व्यवस्था की नियमित निगरानी के क्रम में विकासखंड बेरला अंतर्गत विभिन्न कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के संधारण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कृषि आदान विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान वर्मा कृषि केंद्र कोदवा एवं जय भोले कृषि केंद्र कोदवा में स्टॉक रजिस्टर एवं बिल बुक का नियमित एवं नियमानुसार संधारण नहीं किया जाना पाया गया। उक्त अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए दोनों कृषि केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा तत्काल प्रभाव से कृषि आदान सामग्री के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की गई।

सीएम साय ने गरियाबंद एसडीओपी निशा सिन्हा को मुख्यमंत्री पुरस्कार से किया सम्मानित

कमजोर एवं संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा और अपराधों की रोकथाम में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

गरियाबंद / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के पुलिस ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, नाबालिग बालक-बालिकाओं तथा समाज के कमजोर वर्गों के विरुद्ध होने वाले अत्याचार एवं उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम और ऐसे मामलों में त्वरित वैधानिक कार्रवाई के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के पांच पुलिस अधिकारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय गरियाबंद की अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) सुश्री निशा सिन्हा का वर्ष 2025 के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए चयन किया गया था।

सुश्री निशा सिन्हा को समाज के कमजोर एवं संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशील पुलिसिंग एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना के साथ-साथ जिले के लिए भी गौरव का विषय है। एसडीओपी सुश्री निशा सिन्हा को मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किए

जाने पर कलेक्टर श्री बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक श्री वेदव्रत सिरमौर सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं पुलिस अधीक्षक श्री वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि सुश्री निशा सिन्हा को मिला यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट कार्यक्षमता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और संवेदनशील मामलों में प्रभावी कार्रवाई का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और संवेदनशील वर्गों को न्याय एवं सुरक्षा प्रदान करना प्रशासन और पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यह पुरस्कार जिले के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने सुश्री निशा सिन्हा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विशेष रूप से कमजोर एवं संवेदनशील वर्गों से संबंधित मामलों में त्वरित वैधानिक कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में उनके कार्य सराहनीय रहे हैं। मुख्यमंत्री पुरस्कार से उनका सम्मानित होना पूरे गरियाबंद पुलिस परिवार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सुश्री निशा सिन्हा को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

बेलरगांव में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बेलरगांव एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलरगांव में 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत वन्देमातरम गान के साथ किया गया शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलरगाँव नारद साहू अध्यक्ष शाला समिति ने ध्वजारोहण किया।ग्राम पंचायत भवन मे श्री मति रीता नेताम संरपच बेलरगाँव, अटल चौक मे श्री मति मोहनी साहू उपसरपंच, स्तंभ चौक बस स्टेण्ड मे नंदनी साहू जनपद सदस्य नगरी, मानस मंच पर लिलम्बर साहू अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति व स्कूलों मे ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अनुशासित मार्चपास्ट एवं परेड प्रस्तुत की। ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ विद्यार्थियों ने देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा एवं मार्चपास्ट के दौरान पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत नजर आया।

भीतररास में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

नगरी। विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत भीतररास में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत भीतररास में सरपंच रेमंत शांडिल्य ने ध्वजारोहण किया, जबकि ग्राम गढ़ियापारा में उपसरपंच

सुनील यादव ने राष्ट्रध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत की। उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रगान किया और देश के वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव बिसन्तीन नेताम, रोजगार सहायक लोभान सेन सहित पंचगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लकेश्वर शांडिल्य, सलमान खान, तोरण बाई नाग, राजेश्वर शांडिल्य, चंद्रभान देव, रुक्मणी शांडिल्य, संतनी बाई शांडिल्य, रेखा बाई कश्यप, मनोज शांडिल्य, मोनिका कोरार्म, धनेश्वरी नेताम, दुकाला बाई, धीरेंद्र कश्यप, देवदत्त भंडारी, पुष्प लता कुंभकार, बीरेंद्र शांडिल्य, नीलेश बिसेन, अशोक शार्दुल, मंसाराम गौर, हलदर शार्दुल, विनोद सेन, शिव यादव, दुलेश्वरी मरकाम, हजारी सूर्यवंशी एवं सोहन सोम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर व्यवस्था की 'कवायद', जश्न की रौनक फीकी

■ एक दिन पहले बदला आयोजन स्थल

छुरा/नवप्रदेश। आजादी की 80वीं वर्षगांठ पर रविवार को नगर पंचायत छुरा में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति के जज्बे के साथ तो संपन्न हुआ, लेकिन आयोजन की बदली हुई व्यवस्था ने पूरे समारोह को सवालों के घेरे में ला दिया। वर्षों से जिस परंपरागत स्थल पर ध्वजारोहण, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते रहे, इस बार बारिश की आशंका के चलते व्यवस्था बदलने का निर्णय लिया गया। स्वतंत्रता दिवस की सुबह मौसम साफहुआ तो एक बार फिर परेड ग्राउंड में व्यवस्था जुटाने की कवायद शुरू हुई। अंतिम समय में बदली व्यवस्था के कारण समारोह

में पहुंचे स्कूली बच्चों, पालकों और नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

नगर पंचायत द्वारा एक दिन पहले बारिश और परेड ग्राउंड में कीचड़ की स्थिति को देखते हुए परेड के बाद के कार्यक्रम सांस्कृतिक भवन में कराने का निर्णय लिया गया था। नगर पंचायत के सीएमओ अशोक सलाम के अनुसार, बच्चों को कीचड़ में बैठाना उचित नहीं होने के कारण वैकल्पिक स्थल का निर्णय लिया गया था।

नपा में ज्योति चंद्राकर व जनपद में गितेश्वरी साहू ने किया ध्वजारोहण

कुरुद/नवप्रदेश। नगर एवं ग्रामीण अंचलों में राष्ट्रीय पर्व 78वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। विभिन्न शासकीय, अशासकीय संस्थानों, राजनीतिक दलों के कार्यालयों और शैक्षणिक प्रतिष्ठानों में आन-बान-शान के साथ तिरंगा फहराया गया।

मुख्य समारोह में परेड की सलामी व प्रतिभाओं का सम्मान : नगर का मुख्य ध्वजारोहण समारोह मंगल भवन परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने राष्ट्रध्वज फहराकर संयुक्त परेड की सलामी ली।

नागरिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य शासन

के सुशासन और उप-मुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में कुरुद विधानसभा क्षेत्र में विधायक अजय चन्द्राकर के नेतृत्व में विकास की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों का रेखांकन करते हुए उन्होंने नगर को स्वच्छ, नशामुक्त और सुव्यवस्थित यातायात युक्त बनाने के लिए जनसहयोग का आह्वान किया।

समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप व साइकिल तथा जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

भारत माता की प्रतिमा एवं बॉक्स क्रिकेट का लोकार्पण : समारोह के उपरांत विधायक अजय चन्द्राकर, नपाध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा नगर में स्थापित भारत माता की प्रतिमा तथा खेल प्रतिभाओं के संवर्धन हेतु नवनिर्मित बॉक्स क्रिकेट मैदान का गरिमामय लोकार्पण किया गया। इससे पूर्व नगर पालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष ने और विभिन्न वार्डों में स्थानीय पार्षदों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

23.270 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, दूसरा स्कूटी से कूदकर फरार

■ 11.63 लाख रुपए के गांजे समेत 12.43 लाख रुपए की संपत्ति जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 23.270 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं स्कूटी में सवार दूसरा आरोपी पुलिस की घेराबंदी के दौरान स्कूटी से कूदकर फरार हो गया। जब्त गांजे की कीमत करीब 11 लाख 63 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी और एक मोबाइल सहित कुल 12 लाख 43 हजार 500 रुपए की संपत्ति जब्त की है।

टेमरी जांच नाका पर की जा रही थी वाहनों की जांच :

पुलिस के अनुसार कोमाखान थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उड़ीसा से छत्तीसगढ़ की ओर एक टीवीएस जुपिटर स्कूटी क्रमांक सीजी 04 क्यूएम 8796 में दो व्यक्ति गांजा लेकर आ रहे हैं। सूचना पर ग्राम टेमरी जांच नाका में पुलिस टीम तैनात कर वाहनों की जांच शुरू की गई। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए हुलिए की स्कूटी आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक स्कूटी को रोकने के बजाय तेज गति से भगाने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर घेराबंदी करते हुए ग्राम पटपरपाली ग्राम पंचायत के पास स्कूटी को रोक लिया।

स्कूटी से कूदकर भागा दूसरा आरोपी : पुलिस की घेराबंदी के दौरान स्कूटी में पीछे बैठा दूसरा व्यक्ति स्कूटी से कूदकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने स्कूटी चालक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित साहू (19), निवासी वार्ड क्रमांक 5, राजा खरियार, जिला नुआपाड़ा, ओडिशा बताया। फरार आरोपी की पहचान शंकर यादव, निवासी सबरपड़ा, राजाखरियार, जिला नुआपाड़ा, ओडिशा के रूप में हुई है।

कुरुद के खेल जगत को ऐतिहासिक सौगात

■ 80वीं स्वतंत्रता वर्षगांठ पर विधायक अजय चंद्राकर ने समर्पित किया अत्याधुनिक बॉक्स क्रिकेट पिच

कुरुद/नवप्रदेश। देश की आजादी के 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर कुरुद विधानसभा क्षेत्र के खेल प्रेमियों, विशेषकर युवा क्रिकेटरों को एक बड़ी और आधुनिक सौगात मिली। वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चन्द्राकर ने नगर के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक 'बॉक्स क्रिकेट पिच' का विधिवत फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया।

क्रीड़ा प्रेमियों में अभूतपूर्व उत्साह, विधायक ने खुद क्रीज पर संभाला बल्ला : लोकार्पण समारोह के दौरान विधायक अजय चन्द्राकर ने स्वयं क्रीज पर उतरकर बल्ला थामा और शानदार शॉट्स खेलकर मैदान में मौजूद खिलाड़ियों एवं दर्शकों में नई ऊर्जा भर दी। उनके इस सहज खेल प्रेम और उत्साह को देखकर पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने मैदान में उतरकर विधायक के साथ खेल भावना का जश्न मनाया। साल भर अभ्यास का अवसरः बॉक्स क्रिकेट की यह आधुनिक सुविधा युवा खिलाड़ियों को मौसम की बाधाओं के बिना निरंतर अभ्यास का मंच प्रदान करेगी। नशामुक्ति और सकारात्मक दिशाः खेल मैदान युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित कर नशे और कुरीतियों से दूर रखने में प्रभावी भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, एल्डरमैन भानु चंद्राकर, नंदु चंद्राकर, पार्षद राजकुमारी ध्रुव, कविता चंद्राकर, खेलप्रेमी भारत भूषण पंचायत, जितेन्द्र अग्रवाल, इमरान बेग, संजू चंद्राकर ,मुकेश अग्रवाल,अयूब खान, इकबाल,खीरीराज साहू ,सी एम ओ महेंद्र राज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगर जन मौजूद थे।

युवा प्रतिभाओं को निखारने का संकल्प : उपस्थित जनसमूह और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए विधायक श्री चन्द्राकर ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा के संचार का सशक्त जरिया हैं। आधुनिक खेल अधोसंरचनाः कुरुद नगर व ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से जोड़ना प्राथमिकता है।

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, चार गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के चार अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब का परिवहन करते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से कुल 21.780 लीटर अंग्रेजी व देशी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत 12,340 रुपए बताई गई है। शराब के परिवहन में इस्तेमाल की जा रही तीन मोटरसाइकिल और एक स्कूटी भी जब्त की गई है। जब्त संपत्ति की कुल कीमत 1,22,340 रुपए है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम घोड़ारी-बिरकोनी रोड किनारे मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर मोटरसाइकिल सवार भोलाराम दुबे (36), निवासी कांपा, थाना तुमगांव को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से

5.760 लीटर देशी मसाला एवं अंग्रेजी शराब, जिसकी कीमत 3,440 रुपए है, बरामद हुई। शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। मामले में अपराध क्रमांक 463/26 के तहत धारा 34(2) आबकारी एक्ट में कार्रवाई की गई। दूसरी कार्रवाई बिरकोनी स्थित महानदी ढाबा के पास मेन रोड पर की गई। यहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर स्कूटी सवार रविशंकर बघेल (38), निवासी तेंदूवाही, थाना तुमगांव को पकड़ा। उसके कब्जे से 5.400 लीटर देशी मसाला शराब, जिसकी कीमत 3,000 रुपए है, बरामद की गई।

तुमाडबरी में बाइक सवार से शराब जब्त : तीसरी कार्रवाई तुमाडबरी स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने की गई। पुलिस ने यहां मोटरसाइकिल सवार संजय साहू (26), निवासी अखरापारा बेलसोंडा, महासमुंद को घेराबंदी कर पकड़ा। उसके कब्जे से 5.220 लीटर देशी मसाला शराब, कीमत 2,900 रुपए, बरामद हुई। शराब परिवहन में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। मामले में अपराध क्रमांक 465/26 के तहत धारा 34(2) आबकारी एक्ट में कार्रवाई की गई। चौथी कार्रवाई ग्राम बिरकोनी के बरबसपुर चौक के पास की गई। यहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार तारेन निषाद (41), निवासी वार्ड क्रमांक 5 नहरपारा बड़गांव, थाना तुमगांव को पकड़ा। तलाशी में उसके कब्जे से 5.400 लीटर देशी मसाला शराब, जिसकी कीमत 3,000 रुपए है, बरामद हुई।

स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण में मनाया

गरियाबंद / नवप्रदेश। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज(आई टी एस कॉलेज) गरियाबंद में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सम्मानीय बी पी वर्मा निदेशक (आई टी एस कॉलेज)द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों एवं अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता हमें महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान से प्राप्त हुई है। उन्होंने

सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों से राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अधिकारी, प्राचार्य/ विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं अभिभावक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की प्रगति, समृद्धि एवं गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया।

मुडमार बांध में नहाते समय डूबा युवक, मौत

पांच दोस्तों के साथ घूमने गया था 35 वर्षीय प्रणय गुर्वेकर, गोताखोरों की मदद से बरामद हुआ शव

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर से करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित मुडमार बांध में 15 अगस्त को नहाने के दौरान एक युवक गहरे पानी में डूब गया। हादसे में वार्ड नंबर 26, क्लब पारा निवासी करीब 35 वर्षीय प्रणय गुर्वेकर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद युवक का शव पानी से बाहर निकाला।

मिली जानकारी के अनुसार, प्रणय

गुर्वेकर 15 अगस्त की दोपहर अपने पांच दोस्तों के साथ मुडमार बांध घूमने गया था। बताया जा रहा है कि सभी लोग बांध क्षेत्र में घूम रहे थे। इसी दौरान प्रणय नहाने के लिए पानी में उतरा। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी की गहराई अधिक होने के कारण उसे तत्काल बाहर नहीं निकाला जा सका। घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाने के बाद गोताखोरों की मदद से बांध में युवक की तलाश शुरू कराई। काफी प्रयास के बाद प्रणय का शव पानी से बरामद कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार, मृतक मिक्सचर का व्यवसाय करता था। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को आवश्यक कार्रवाई के लिए कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई।

पेज 1 का शेष...

'दिमागी नक्सल' से सावधान...

में 3,500 से अधिक सुरक्षाकर्मी शहीद हुए, जबकि युद्ध में भी इतने सैनिकों की मौत नहीं होती। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर जोर देते हुए कहा कि भारत को दूसरे देशों पर निर्भर रहकर नहीं जीना है। उन्होंने कहा कि अपने हितों की सुरक्षा भारत को खुद करनी होगी और इसी उद्देश्य से 'आत्मनिर्भर भारत', 'मेक इन इंडिया' तथा 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियानों को आगे बढ़ाया जा रहा है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र का उदाहरण देते हुए मोदी ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक भारत में इसका कोई बड़ा संयंत्र नहीं बन पाया, लेकिन अब देश में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र शुरू हो चुके हैं और उनमें उत्पादित सेमीकंडक्टर का निर्यात भी शुरू हो गया है।

हमने देश को नक्सलवाद से मुक्त कराने का संकल्प लिया

पीएम मोदी ने कहा, ''2014 में जब हमें मौका मिला तो हमने देश को नक्सलवाद से मुक्त कराने का संकल्प लिया।' आज खुशी है कि नक्सलवाद के पास आखिरी सांस लेने की भी ताकत नहीं रही।'' पीएम मोदी ने कहा कि जिन इलाकों में कभी नक्सलवादियों की गोलियां चलती थीं, आज वहां नक्सलवाद से मुक्ति के बाद विकास, विश्वास और प्रयास का तिरंगा लहरा रहा है। उन्होंने आगाह किया कि इस चुनौती को अब भी कमतर नहीं आंकना चाहिए और सतर्क रहना होगा।

नक्सलवाद से मुक्त...

गोस्वामी तुलसीदास जी का संदेश - 'पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं', संत कबीर की वाणी और बाबा गुरु घासीदास जी का 'मनखे-मनखे एक समान' का उद्घोष हमें स्वतंत्रता, समानता और मानवीय गरिमा के मूल्यों की निरंतर प्रेरणा देता है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती का उल्लेख करते हुए उनके राष्ट्रीय एकता के संकल्प का स्मरण किया।

सिंचाई विस्तार के लिए 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक की मंजूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की नदियों को जोड़ने की सोच को आगे बढ़ाते हुए 'सिकासार-कोडार नहर लिंकिंग परियोजना' के लिए 3,047 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक की मंजूरी दी गई है। अटल सिंचाई योजना के माध्यम से बंद पड़ी सिंचाई परियोजनाओं का पुनरुद्धार किया जा रहा है। इंद्रावती नदी पर लगभग 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से मटनार और देउरगांव बैराज बनाए जाएंगे, जिनसे 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित में उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें साढ़े पांच हजार रुपए प्रति मानक बोरा पारिश्रमिक दिया जा रहा है तथा 'चरण पादुका योजना' पुनः प्रारंभ की गई है।

हर परिवार के पक्के घर का सपना हो रहा साकार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'मोदी की गारंटी' के अनुरूप प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति के बाद अब तक 24 लाख 50 हजार आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 1,600 घर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' और 'मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना' के माध्यम से 73 लाख परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

महिला सशक्तीकरण से परिवार और प्रदेश दोनों हो रहे मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'महतारी वंदन योजना' के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है। योजना के अंतर्गत अब तक 19 हजार 444 करोड़ रुपए महिलाओं के खातों में अंतरित किए गए हैं। प्रदेश में 13 लाख 85 हजार महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं।

वंदे मातरम के अपमान...

का अनावरण किया। उन्होंने चित्तौड़गढ़ समेत 15 जिलों के 5659 करोड़ के 944 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

विमल के विज्ञापन पर ...

विज्ञापन में 'विमल' नाम, प्रोडक्ट और डायलॉग इस तरह इस्तेमाल किए गए हैं कि इससे 'विमल' ब्रांड का प्रचार होता दिखता है। चूंकि 'विमल' ब्रांड पान मसाला से भी जुड़ा है, इसलिए एफडीए को शक है कि विज्ञापन के जरिए प्रतिबंधित पान मसाले का इनडायरेक्ट प्रचार किया जा रहा है।

प्रदर्शनकारियों की राहुल ...

उन्होंने आज जारी किया। ये छात्र पिछले महीने पेपर लीक के मुद्दे पर तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। वीडियो में राहुल ने प्रदर्शनकारियों से पूछा कि क्या उन्हें कोई परेशानी हो रही है। एक महिला प्रदर्शनकारी ने जवाब दिया कि रोज 10-12 गालियां आ जाती हैं। दूसरी ने बताया कि सोशल मीडिया पर धमकियां मिल रही हैं।

कार्यालय नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
Email ID: cmoslohara@rediffmail.com

क्रमांक / 1777 / लो.नि.वि./न.पं./2026-27 — सहसपुर लोहारा, दि.14.08.2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (1ST Call)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	197621	CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL AND ELECTRIFICATION WORK AT MUKTIDHAM WARD NO.11	35.58	07.09.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्न, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सहसपुर- लोहारा

न्यूज गैलरी

राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस पर नेत्रहीन छात्राओं को स्मार्ट स्टिक प्रदान किया

रायपुर / नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, रायपुर द्वारा संचालित प्रेरणा गुरुकुलम विद्या पीठम की नेत्रहीन छात्राओं को स्मार्ट स्टिक प्रदान किया। यह स्मार्ट स्टिक छात्राओं को सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर तरीके से आवागमन में सहायता करेगी। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला मती रानी डेका काकोटी तथा राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना उपस्थित थे। राज्यपाल ने छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को समान अवसर और आत्मनिर्भरता प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से नेत्रहीन विद्यार्थियों के जीवन को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी कार्यालय में चेयरमेन बेग ने किया ध्वजारोहण

रायपुर / नवप्रदेश।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमेन मिर्ज़ा एजाज़ बेग ने छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी कार्यालय, मुखर्जी बाड़ा, बैरन बाजार, रायपुर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण कार्यक्रम में हज कमेटी के सदस्य मौलाना अमीर बेग, मौलाना हसन अब्बास, कार्यपालन अधिकारी/सचिव डॉ. खुशबू उस्मान, मिर्ज़ा साजिद पठान सहित राज्य हज कमेटी के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने किया ध्वजारोहण

रायपुर / नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने रायपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर राष्ट्रध्वज फहराया और देश की एकता, अखंडता एवं गौरव को बनाए रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। डॉ. ममता साहू ने आयोग परिसर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और देश की सुरक्षा एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीरों को नमन किया। इसके पश्चात डॉ. ममता साहू सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई और ध्वजारोहण किया। उन्होंने नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है।

आकाशवाणी पर गूंजेगी महंत पोखन दास मानिकपुरी की साहित्यिक यात्रा

महासमुंद/नवप्रदेश। आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित होने वाले छत्तीसगढ़ी समन्वित साहित्यिक कार्यक्रम 'मोर भुईयां' के अंतर्गत महासमुंद अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार महंत पोखन दास मानिकपुरी की विशेष 'भेंटवार्ता' का प्रसारण मंगलवार 18 अगस्त को सुबह 8.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम की प्रस्तुति कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र साहू द्वारा की जाएगी। इस विशेष कार्यक्रम में साहित्यकार महंत पोखन दास मानिकपुरी की साहित्यिक यात्रा, उनके रचनात्मक योगदान और साहित्य साधना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान उनकी संदर्भित रचनाओं का पाठ एवं प्रस्तुतीकरण भी श्रोताओं को सुनने को मिलेगा। महंत पोखन दास मानिकपुरी महासमुंद जिले के ग्राम बिरकोनी के निवासी हैं। वे सेवानिवृत्त शिक्षक हैं और लंबे समय से छत्तीसगढ़ी साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय रहकर साहित्य साधना कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं देने के साथ-साथ उन्होंने साहित्य के प्रति अपनी रुचि और समर्पण को निरंतर बनाए रखा।

बांगो डैम के 5 गेट खुले, उत्तर छत्तीसगढ़ में अगले 4 दिन बारिश का अलर्ट

■ 3005 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा गया, 35 गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सरगुजा संभाग में कुछ जगहों पर भारी बारिश हुई। कोरबा में लगातार बारिश के बीच मिनीमाता बांगो डैम का जलस्तर 92.48 प्रतिशत पहुंच गया है। 5 गेट खोलकर 3005 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा गया। इसके बाद प्रशासन ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। नदी किनारे बसे 35 गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया गया है।

कोरबा के इन गांवों में बाढ़ का अलर्ट

मिनीमाता बांगो डैम के 5 गेट खोले जाने के बाद प्रशासन ने जिले के 35 गांवों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। इनमें बांगो, चर्रा, पोड़ी-उपरोड़ा, कोनकोना, लेपरा, टुनियाकछार, पाथा, गाड़ाघाट, छिनमेर, कछार, कलमीपारा, सिलीयारीपारा, जूनापारा, तिलाईडाड, डुगुपारा, टुंगुमांड़ा, छिर्रापारा, मछलीबाटा, कोरियाघाट, धनगांव, डोंगाघाट, नरमदा, औराकछार, सोनगुड़ा, जेलगांव, झाबू, नवागांव, तिलसाभाटा, लोतलोता, स्याहीमुड़ी, कोडा, हथमार, झोरा और सिरकीकला शामिल हैं।

कोटाडोल में 130 एमएम बारिश: पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश कोटाडोल में 130 एमएम रिकॉर्ड हुई। शंकरगढ़ और पोड़ी उपरोड़ा में 110-110 एमएम बारिश हुई। सन्ना, दौरा कोचली और रघुनाथनगर में 80-80 एमएम जबकि जनकपुर-भरतपुर में 70 एमएम बारिश दर्ज की गई। बलरामपुर, वाड्रफनगर, चलगली और सामरी में 60-60 एमएम बारिश हुई। रतनपुर, कुनकुरी, बेलतरा, पचपेड़ी, भैसमा, कोरबा, बेलगहना, मनोरा, सकरी और मस्तूरी में 50-50 एमएम पानी गिरा। पाली, बगीचा, रामचंद्रपुर, दुलदुला, सीपत, करतला और जगदलपुर में 40-40 एमएम बारिश हुई। पेंड्रा, रामानुजगंज, मनेंद्रगढ़, कांसाबेल, कुसमी, कोंटा, बस्तर, जशपुरनगर, नवागढ़, मरवाही, पामगढ़, केल्हारी, पेंड्रा रोड, चांदो, बिलासपुर, अकलतरा, टोकापाल, सकरी, सकौला, बैकुंठपुर और खड़गवां में 30 एमएम तक बारिश रिकॉर्ड हुई।

आज भी भारी बारिश का अलर्ट: मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट है। इस दौरान गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका है।

बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर : दक्षिण-पूर्वी झारखंड और आसपास लो प्रेशर एरिया बना हुआ है। इससे जुड़ा साइक्लोनिक सर्कुलेशन करीब 4.5 किमी की ऊंचाई तक फैला है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 12 घंटे में यह कमजोर हो सकता है। वहीं, नॉर्थ-वेस्ट बंगाल की खाड़ी में 5.8 से 7.6 किमी की ऊंचाई पर एक और साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इसके असर से अगले 48 घंटे में नॉर्थ बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है। इसके अलावा करीब 22ए नॉर्थ लैटीट्यूड के आसपास शियर जोन भी बना हुआ है। इन सिस्टम के असर से उत्तर छत्तीसगढ़ में बारिश का दौर बना रहने की संभावना है। रायपुर में रविवार को दिनभर बादल छाए रहने के साथ बारिश और गरज-चमक की संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रह सकता है। प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री दुर्ग में और सबसे कम मिनिमम टेम्परेचर 22 डिग्री पेंड्रा रोड में रिकॉर्ड हुआ।

नागंझर में अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, दो चैन माउंटेन मशीनें जब्त

छुरा/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम पंचायत सोरिद के आश्रित ग्राम नागंझर में सुखा नदी से कथित अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और डंपिंग के मामले में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खनिज, राजस्व एवं फिंगेश्वर थाना क्षेत्र की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर रेत उत्खनन में इस्तेमाल की जा रही दो चैन माउंटेन मशीनों को जब्त किया। कार्रवाई की खबर फैलते ही कथित अवैध रेत कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि नागंझर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से नदी से रेत निकालने, उसे वाहनों के माध्यम से परिवहन करने तथा अलग-अलग स्थानों पर डंप करने की गतिविधियां कथित रूप से चल रही थीं। स्थानीय स्तर पर इसकी जानकारी होने के बावजूद समय रहते कार्रवाई नहीं होने को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। विभागीय सूचना के बाद संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और उत्खनन में लगी दो चैन माउंटेन मशीनों को जब्त कर लिया।

दोपहर की कार्रवाई में एक भी हाइवा नहीं मिला: कार्रवाई के दौरान दो चैन माउंटेन मशीनें तो मौके से जब्त कर ली गईं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस स्थान पर कथित रूप से बड़े पैमाने पर रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा था, वहां दोपहर के समय एक भी हाइवा या रेत परिवहन करने वाला वाहन क्यों नहीं मिला?

यह स्थिति पूरे मामले को लेकर कई सवाल खड़े कर रही है। क्या कार्रवाई की भनक पहले ही संबंधित लोगों को लग गई थी? क्या कार्रवाई के दौरान वाहनों को मौके से हटा दिया गया? या फिर रेत का परिवहन किसी अन्य समय किया जा रहा था? इन सवालों का जवाब अब विभागीय जांच से ही सामने आएगा।

मंत्री-कलेक्टर के निर्देश के बाद कार्रवाई: गौरतलब है कि कुछ दिन पहले जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल और कलेक्टर ने जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं डंपिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद नागंझर में हुई कार्रवाई को प्रशासन की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, इसी के साथ यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि क्षेत्र में कई दिनों से कथित रूप से रेत उत्खनन चल रहा था तो इसकी जानकारी विभाग को पहले क्यों नहीं मिली? स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी घाटों की नियमित निगरानी और गश्त की व्यवस्था होने के बावजूद यदि शिकायत या सूचना मिलने के बाद ही कार्रवाई होती है, तो निगरानी व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

छत्तीसगढ़ में अगले चार दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश।। छत्तीसगढ़ में मानसून एक बार फिर सक्रिय नजर आ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, अगले चार दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रह सकता है। वहीं, उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने गरज-चमक और वज्रपात को लेकर भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इस दौरान तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

लो प्रेशर सिस्टम का दिखेगा असर-मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी-मध्य झारखंड और आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ में नमी बढ़ने और बारिश की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहने के साथ रुक-रुककर बारिश हो सकती है। खासकर उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की स्थिति बन सकती है। 16 अगस्त को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। एक-दो स्थानों पर भारी बारिश के साथ गरज-चमक और वज्रपात की संभावना है।

17 अगस्त को भी अधिकांश इलाकों में बारिश का दौर जारी रहेगा। कुछ स्थानों पर भारी बारिश और बिजली गिरने की स्थिति बन सकती है।18 अगस्त को कई जगह हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। इस दौरान गरज-चमक और वज्रपात का खतरा भी रहेगा।

20 और 21 अगस्त को क्या रहेगा मौसम?

20 अगस्त को भी प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है, लेकिन किसी विशेष चेतावनी की संभावना नहीं है। 21 अगस्त को भी कई इलाकों में बारिश हो सकती है ।

महिला और बाल विकास विभाग में 50 पर्यवेक्षकों की सीधी भर्ती को मिली मंजूरी

रायपुर / नवप्रदेश। महिला सशक्तिकरण और नौनिहालों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध छत्तीसगढ़ सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सुशासन सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री मती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से, विभाग के अंतर्गत पर्यवेक्षकों (सुपरवाइजर) के 50 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती को आधिकारिक सहमति प्रदान कर दी गई है।

मैदानी स्तर पर विभाग की योजनाओं–विशेषकर आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन, पोषण अभियानों की निगरानी, महत्वपूर्ण सामाजिक पहलों के क्रियान्वयन– में पर्यवेक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। लंबे समय से इन पदों के रिक्त होने के कारण मैदानी स्तर पर कार्य का दबाव था। इन 50 नए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति से विभागीय ढांचे को ऐतिहासिक मजबूती मिलेगी। और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे हितग्राहियों तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुँच सकेगा।

नितिन नबीन के तिरंगा फहराने की तस्वीर से छेड़छाड़ का आरोप, कांग्रेस आईटी सेल के नेता पर एफआईआर

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को लेकर कांग्रेस नेता द्वारा किए गए सोशल मीडिया पोस्ट से विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने कांग्रेस आईटी सेल नेता अरुण साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि अरुण साहू ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के तिरंगा फहराने की तस्वीर से कथित तौर पर छेड़छाड़ कर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित किया और इसके जरिए भ्रामक जानकारी फैलाने का प्रयास किया।

शिकायत के अनुसार, 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत नितिन नबीन ने अपने निवास पर राष्ट्रीय ध्वज लगाया था, जिसकी फोटो और वीडियो आज भी उपलब्ध है। आरोप है कि बेमेतरा जिला अध्यक्ष (आईटी सेल, छत्तीसगढ़ कांग्रेस) अरुण साहू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से राष्ट्रीय ध्वज की तस्वीर से छेड़छाड़ कर उसे अपमानित किया तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नबीन को बदनाम करने का प्रयास किया। अरुण साहू ने बाद में अपना पोस्ट डिलीट कर बचने का प्रयास किया, जिसका स्क्रीनशॉट उन्होंने शिकायत कॉपी में संलग्न किया है।

प्रतिभा का सम्मान, शिक्षा को सलाम: 12 वर्षों से मेधावियों का हौसला बढ़ा रहे रामाराव

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हलधर शार्दुल ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली तथा देशभक्ति गीत, भाषण, कविता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी।

समारोह का सबसे प्रेरणादायक पहलू मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान रहा। शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्राची कश्यप को ?41 हजार तथा 93.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली रागिनी निषाद को ?11 हजार की नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। यह राशि न्यू पूजा राइस मिल के संचालक रामाराव बघेल ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रदान की। रामाराव बघेल द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देने की यह पहल पिछले 12 वर्षों से लगातार जारी है। उनके इस प्रयास से न केवल प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान होता है, बल्कि अन्य छात्र-छात्राओं को भी बेहतर प्रदर्शन करने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिलती है।रामाराव बघेल ने कहा, ÷प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती, उसे केवल सही समय पर प्रोत्साहन और सहयोग की जरूरत होती है। सिहावा क्षेत्र के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेरा प्रयास है कि आर्थिक कारणों से किसी प्रतिभाशाली विद्यार्थी का उत्साह कम न हो। पिछले 12 वर्षों से मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करने का जो सिलसिला चल रहा है, उसे आगे भी जारी रखने का प्रयास रहेगा। आज सम्मानित होने वाले बच्चे अपने साथियों के लिए प्रेरणा बनें और भविष्य में अपने परिवार, क्षेत्र तथा देश का नाम रोशन करें– यही मेरी शुभकामना है। संस्था के प्राचार्य एस.आर. साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

भुरसीडोंगरी में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत भुरसीडोंगरी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। ग्राम पंचायत परिसर में सरपंच लिलम्बर नागवंशी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान के साथ देश के वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया।
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांव के विभिन्न विद्यालयों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूली छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पंचायत के उपसरपंच महेन्द्र कुमार साहू, मनिहार मरकाम, टाकेश्वरी साहू, साधना मरकाम, होलिका नागेश, सुनीता नेताम, बिम्लेश्वरी नेताम, पुनाराम मरकाम, अनिता निषाद, लोमीन निषाद, अनिता नेताम, इकेश्वर मरकाम, ओमप्रकाश साहू, संतुराम यादव, मालती मरकाम, गीताबाई यादव एवं मनसुक मरकाम गोपीचंद मरकाम,मनीराम साहू,आर एस मंडावी,श्यामचंद कश्यप,भीम रजक,जितेंद्र मरकाम,विष्णु मंडावी,भूषण साहू,शंकर पटेल,उमेंद्र निषाद, उत्तरा साहू,भगवती शोरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

नमन: अमर वाटिका में शहीदों को दी श्रद्धांजलि, वीरता पदक से अलंकृत जवानों का किया सम्मान

जवानों के शौर्य ने लिखा बस्तर का नया इतिहास : विजय

रायपुर/नवप्रदेश।80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बस्तर के वीर जवानों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को नमन किया। जगदलपुर स्थित अमर वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कांकेर, नारायणपुर, सुकमा और दंतेवाड़ा में पदस्थ वीरता पदक से अलंकृत पुलिस जवानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के शौर्य और बलिदान ने बस्तर के इतिहास को नई दिशा दी है। नक्सलवाद के विरुद्ध अभियान में मिली ऐतिहासिक सफलताओं का श्रेय जवानों के साहस, समर्पण और दृढ़ संकल्प को जाता है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों के जवान कठिन परिस्थितियों और आईईडी जैसे घातक खतरों के बीच भी पूरी निष्ठा और साहस के साथ अपने कर्तव्य पर डटे रहे हैं। राज्य गठन के 25 वर्षों के भीतर छत्तीसगढ़ पुलिस के 141 जवानों को गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया जाना उनके अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद बस्तर के उन दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगा फहराया जा रहा है, जहां पहले ऐसा संभव नहीं था। इस वर्ष 93 नए स्थानों पर तिरंगा फहराकर सुरक्षा बलों ने लोकतंत्र, विश्वास और राष्ट्रभावना की नई नींव मजबूत की है। उप मुख्यमंत्री ने जगदलपुर में अगस्त 2025 के दौरान हुए बड़े आत्मसमर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि 210 नक्सलियों द्वारा 163 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण शांति और पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसे सुरक्षा बलों के दृढ़ संकल्प और बस्तर में शांति की स्थापना की दिशा में बड़ी सफलता बताया। शर्मा ने कहा कि बस्तर में संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्रभावी स्थापना जवानों के पराक्रम और स्थानीय जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बंदूक के बल पर कायम व्यवस्था जनता के अधिकारों की रक्षा नहीं कर सकती। लोकतंत्र में वही व्यवस्था मान्य है, जो जनता द्वारा चुनी गई हो और जनता के प्रति जवाबदेह हो।

स्वयंसेवकों ने रासेयो के बैनर तले निकाली प्रभात फेरी

छुरा/नवप्रदेश गरियाबंद जिले के छुरा जनपद स्थित निजी कचना धुरवा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना यानी रासेयो के तत्वावधान में गत शुक्रवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम अधिकारी रेखराम कुर्रे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर नगर में देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग, बस स्टैंड, बाजार चौक होते हुए वापस महाविद्यालय में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान ÷भारत माता की जय÷, ÷वंदे मातरम÷ और ÷हर घर तिरंगा÷ के नारे गूंजते रहे।

छात्रावासों की हकीकत पर विधायक की नजर, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने शहर स्थित बालक एवं कन्या प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति तथा पोस्ट-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति के पांच छात्रावासों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

विधायक के अचानक निरीक्षण से छात्रावास प्रबंधन में भी सक्रियता नजर आई। निरीक्षण के दौरान विधायक श्रीमती बघेल ने छात्रावासों में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, व्यवस्थाओं और उनकी आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास से जुड़े विभिन्न विषयों पर आवश्यक जानकारी लेते हुए विद्यार्थियों की सुविधाओं को लेकर जायजा किया। विधायक ने छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ के अध्यक्ष हरीश भंडारी, वरिष्ठ कांग्रेसी रामजी तराने, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश महानदी, मंडल अध्यक्ष दिनेश साखरे, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा गुप्ता, चंद्रशेखर बोरकर, निधि गजभिए, पायल पूर्ति सहित पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं छात्रावास अधीक्षकगण उपस्थित रहे।

INTUC
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
टिकेन्द्र सिंह ठाकुर
प्रदेश अध्यक्ष, इंटक
पूर्व सभापति, जनपद पंचायत अभनपुर
विनीत : अभनपुर विधानसभा के समस्त साथीगण एवं
प्रदेश इंटक परिवार और पदाधिकारीगण

नमो स्वतंत्र भारत की ध्वजा,
नमो, नमो नमो नगाधिराज-श्रृंग
की विहारिणी
80वें
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
15
AUGUST
श्रीमति रंजना डीपेन्द्र साहू
पूर्व विधायक धमतरी(छ. ग.)
उपाध्यक्ष प्रदेश भाजपा(छ. ग.)

15TH
August
अजय चन्द्राकर
विधायक कुरुद एवं
पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
प्रदेशवासियों को आजादी का पर्व
स्वतंत्रता
दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं..
नेहरू राम निषाद
अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष (छत्तीसगढ़ शासन)
विनीत: एक शुभचिंतक

सहकार से समृद्धि
केदार कश्यप
सहकारिता मंत्री
पं. वामनराव बलिराम लाखे
सहकारिता के जनक
अजय चन्द्राकर
विधायक कुरुद
पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
15 AUGUST
INDIAN
INDEPENDENCE DAY
प्रदेशवासियों को आजादी का पर्व
स्वतंत्रता
दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं..
निरंजन सिन्हा
अध्यक्ष - जिला सह. के. बैंक मर्या.
रायपुर
विनीत: भारतीय जनता पार्टी कुरुद

जय हिन्द !! वन्दे मातरम् !!
"आजादी का यह पर्व, देशभक्ति और एकता का संदेश देता है।"
जय हिन्द !! वन्दे मातरम् !!
15 अगस्त हमारे देश के गौरव, बलिदान और वीरता का प्रतीक है।
समस्त क्षेत्रवासियों को
यह दिन हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और संघर्ष को याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हमदेश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लें।
80 वां
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश गोटा
अध्यक्ष
जनपद पंचायत नगरी
हृदय साहू
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत नगरी
नारद राम मांझी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत नगरी
विनीत - जनपद पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत भीतररास
सुनिल यादव
उपसरपंच
बिसंतीन बाई
सचिव
श्री लुमान सेन
रोजगार सहायक
श्री रेमंतकुमार शांडिल्या
सरपंच
पंचगण :
श्रीमती धनेश्वरी नेताम, श्रीमती रूखमणी शांडिल्य, श्रीमती दुकाला नेताम, श्रीमती मोनिका कोर्राम,
श्री चंद्रभान देव, श्रीमती संतनी शांडिल्य, श्री मनोजकुमार शांडिल्य, श्री लकेश्वर शांडिल्य, श्रीमती रेखा कश्यप,
श्री सुनीलकुमार यादव, श्री तोरण नाग, श्री राजेश्वर शांडिल्य, श्री धीरेन्द्र कुमार कश्यप, श्री देवदत्त भंडारी,
मो. सलमान खान, श्रीमती हेमपुष्पा कुंभकार
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत भीतररास वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रासियों को 15 अगस्त की स्वतंत्रता
दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
ग्राम पंचायत टांगापानी
श्री यशवंत मंडावी
सरपंच
श्रीमती श्यामा नेताम
उपसरपंच
गीता यादव
सचिव
पंचगण : दुर्गावती मरकाम, निर्मला कोर्राम, यशोदा मरकाम, रूपचंद मरकाम, कैलाश नेताम, कुमुदनी मरकाम, किर्तन नेताम
बिसम्बर मरकाम, विष्णु राम नेताम, संध्या नेताम, गीता यादव(सचिव) चंद्रिका नेताम(रो. सहायक) गन्नुराम मरकाम(भृत्य)
ग्राम पंचायत टांगापानी, जनपद पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत परसापानी
श्रीमती कांतीदेवी मरकाम
सरपंच परसापानी
श्री गिरधार मरकाम
उपसरपंच परसापानी
सुखदेव भारती
सचिव
श्रीमती रविकला
रोजगार सहायक
ग्राम परसापानी
पंचगण :- श्रीमती अमरिका नाग, धनेश्वरी बघेल, लिलेश्वरी साहू, कोमल सिंह मरकाम
पुष्पा नेताम, लता बाई मरकाम, सावित्री मंडावी, गिरधर मरकाम, पूर्णिमा मरकाम
निकेश कुमार मानिकपुरी, नोहरसिंह नेताम

समस्त क्षेत्रासियों को 15 अगस्त की स्वतंत्रता
दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
ग्राम पंचायत लटियारा
श्री रूपेश कुमार ध्रुव
सरपंच
श्री दिलीप कुमार मण्डावी
उपसरपंच
दयालू राम निषाद
सचिव
पंचगण : पन्ना लाल मरकाम(ज. सदस्य), दयालू राम निषाद (सचिव) बिरबल राम नेताम, दिलीप कुमार नेताम, युवराज सेन
रूखमणी नागवंशी, राम गुलाल नेताम, रेखा बाई मण्डावी, विनिता बाई कौशल, देवन्तीन बाई मरकाम, कुन्ती बाई पडोटी,
केशनाथ नेताम, टेकन बाई मरकाम, तारामति नेताम(रो. सहायक), भोज कुमार मरकाम (ऑपरेटर) शिवशंकर पटेल (भृत्य)
ग्राम पंचायत लटियारा, जनपद पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रासियों को 15 अगस्त की स्वतंत्रता
दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
ग्राम पंचायत बटनहर्रा
श्रीमती अनिता मरकाम
सरपंच
श्रीमती गौतम लाल साहू
उपसरपंच
श्री खुबलाल साहू
सचिव
पंचगण : हेमलाल कुंजाम, रामेश्वर, सेवती बाई यादव, रमुलाबाई गुरूपंच, राजकुमार देव, अनिता नेताम,
पार्वती मरकाम, मीना बाई मरकाम, कलिका वट्टी, देवेश कुमार मंडावी
ग्राम पंचायत बटनहर्रा, जनपद पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बगरूमनाला
केशोलाल ध्रुव
सचिव
श्रीमती राजेश्वरी कावड़े
सरपंच
बालसिंह पोटाई
उपसरपंच
राजेश कुमार नागवंशी
रोजगार सहायक
- पंचगण -
सुहागा बाई, गंगाराम करमा, दुखिया बाई, पूजा नेताम,
गायत्री बाई यादव, बालसिंग मरकाम, प्रेमसिंह ध्रुव,
कमलेश्वर दर्रो, रामसिंह नेताम, रंजीता नेताम, गैंदी बाई
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत बगरूमनाला वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोनः 0771-3526755, 6262188999